

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## जिंदा वोटर को सूची में बता दिया मृत, बूथ से पहले बैरंग लौटाया, हंगामा मचा तो दोबारा बुलाकर वोट कराया

### वोटर के हंगामे के बाद दोबारा बुलाकर कराया मतदान

इधर मतदान दल द्वारा वोट देने से रोके जाने पर सुधीर शांत नहीं बैठा और उसने बूथ से बाहर निकलते ही इसकी सूचना कुछ मीडिया कर्मियों को दे दी। इसके बाद यह खबर देखते ही देखते वायरल हो गई, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया।

अधिकारी इस घटना को संज्ञान में लेते हुए मतदान केंद्र भी पहुंचे और इसकी जानकारी लेने के बाद वोटर सुधीर को शाम करीब 4 बजे फोन पर सूचना देकर बूथ में बुलाकर मतदान कराया। इस दौरान सुधीर से एक फार्म भी भराया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- श्यामनगर स्थित सचदेवा इंटरनेशनल स्कूल मतदान केंद्र का मामला

रायपुर लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को हुए मतदान के दौरान रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत श्यामनगर स्थित सचदेवा इंटरनेशनल स्कूल मतदान केंद्र में एक अनोखा मामला सामने आया है। मतदान केंद्र में वोट देने पहुंचे एक व्यक्ति को वोटर लिस्ट में मृत बता दिया, जिसके कारण बूथ में ड्यूटी कर रहे मतदान दल ने उसे वोट देने से रोकते हुए बैरंग लौटा दिया। इसे लेकर वोटर ने जब हंगामा किया, तो मतदान केंद्र से लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पीठासीन अधिकारी ने इसके बाद अधिकारियों से बातचीत कर वोटर को सूचना देकर दोबारा ▶▶ शेष पेज 13 पर

### दोस्त का आईडी कार्ड लेकर पहुंचा बूथ

शहर के शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 स्थित सेंटपाल स्कूल मतदान केंद्र के बूथ नंबर 28 में फर्जी वोट देने के प्रयास में पुलिस ने देवेंद्र नगर निवासी शुभम अग्रवाल को हिरासत में लिया है। शुभम मोहल्ले में रहने वाले अपने दोस्त रेवास मिश्रा का वोट1र आईडी कार्ड लेकर मतदान केंद्र पहुंचा था, जिसे वोटर को मतदाता सूची के नाम के मिलान के दौरान पकड़ा गया। इधर कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि शुभम फर्जी वोट करने के इरादे से मतदान केंद्र नहीं पहुंचा था। वह अपने दोस्त का आईडी कार्ड लेकर बूथ में मतदान दल से यह पूछने के लिए पहुंचा था कि उसका वोटर आईडी कार्ड बना नहीं है और क्या वह अपने दोस्त के आईडी से वोट कर सकता है या नहीं। यह पूछने के दौरान ही उसे फर्जी वोटर मानकर पकड़ लिया गया।



### फिर बुलाकर कराया मतदान



वोट देने गया तो मुझे वोटर लिस्ट में मृत बताकर वोट करने से रोक दिया गया। इसका विरोध कर जब मीडिया का सहारा लिया, तब जाकर मुझे वोट देने का अधिकार मिला।

- सुधीर मंडोपे, मतदाता अमलीडीह

38 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद, शाम 5 बजे तक 61.25 प्रतिशत मतदान

# गांव आगे, शहर पीछे, रायपुर में आधे से कुछ ही ज्यादा वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण रूप से हुआ। इस दौरान कुछ मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीनें खराब होने की भी जानकारी आई है, जिसके कारण वहां मतदान की प्रक्रिया विलंब से शुरू हुई। इसके अलावा वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने के कारण कुछ मतदाताओं को वोट देने से भी रोका गया। रायपुर ग्रामीण के एक मतदान केंद्र में एक मतदाता को मृत बता दिया था, लेकिन विरोध व हंगामे के बाद में उसे मतदान का अवसर दिया गया। एक फर्जी वोटर भी पकड़ा गया जो दूसरे के नाम से वोट करने पहुंचा था। छोटी-छोटी इन घटनाओं के बीच जिलेभर में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे औसतन 61.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह आंकड़ा और बढ़ेगा, क्योंकि अभी एक घंटे का मतदान का प्रतिशत आना बाकी है। रायपुर के मतदान केंद्रों में शानदार व्यवस्था रही। कई केंद्रों में मतदाताओं का मेहमानों की तरह स्वागत हुआ। इन केंद्रों में सभी तरह की सुविधाएं नजर आईं।

### ईवीएम मशीन खराब बदली गई

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के फाफाडीह क्षेत्र में शहीद हेमू कालाणी वार्ड में मतदान केंद्र दो ईवीएम मशीन में खराबी आ गई थी, जिसके बाद दोनों ईवीएम मशीनों को बदला गया। इस कारण यहां मतदान 10-20 मिनट विलंब से शुरू हुआ। विलंब से शुरू होने के कारण मतदाताओं में थोड़ी देर नाराजगी भी देखी गई। इसी प्रकार नवा रायपुर के 2 गांवों नवागांव खपरी और राखी में भी सैकड़ों मतदाता सुबह 6 बजे से मतदान करने के लिए पहुंच गए थे, लेकिन यहां भी एक-एक ईवीएम मशीन में खराबी आने के कारण देर से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

### मतदान केंद्रों में रही शानदार व्यवस्था, मतदाताओं का हुआ स्वागत









### धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा पड़े वोट

रायपुर लोकसभा सीट के लिए जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। शुरूआती एक घंटे के दौरान सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की शुरुआत धीमी रही, लेकिन एक घंटे के बाद मतदान में तेजी आने लगी। रायपुर के चारों विधानसभा में 8 बजे तक वोटिंग में सबसे आगे रायपुर दक्षिण रहा। यहां 10 प्रतिशत वोट पड़े थे, वहीं जिले में धरसींवा विधानसभा 14 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा। इस तरह 9 से 11 बजे तक भी वोटिंग में धरसींवा 30.88 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा, जबकि दूसरे नंबर पर 28.14 प्रतिशत के साथ आरंग रहा। इस तरह जैसे-जैसे तापमान बढ़ने लगा ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम होता चला गया। इसके कारण शाम 5 बजे तक वोटिंग का प्रतिशत धरसींवा में सबसे ज्यादा 72.61 प्रतिशत वोट पड़े। इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण में 52.83, रायपुर पश्चिम में 50.08, रायपुर उत्तर में 53.44, रायपुर दक्षिण में 57.32, आरंग में 67.25 एवं अभनपुर में 67.58 प्रतिशत रहा। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक जिले में औसतन कुल 61.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान का समय शाम 6 बजे तक है। एक घंटे का मतदान प्रतिशत अभी नहीं आया है। इस कारण मतदान का वास्तविक प्रतिशत आना अभी बाकी है।

## मताधिकार से वंचित रह गए अस्पतालों में भर्ती मरीज और उनके अटेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- तीन बड़े अस्पताल में इलाज के लिए मौजूद करीब सात हजार लोग
- मतदान के लिए नहीं होता कोई इंतजाम, ज्यादातर दूरवर्ती जिलों के

विभिन्न तरह की बीमारी के इलाज के लिए राजधानी के तीन बड़े शासकीय अस्पतालों में भर्ती मरीज और उनके अटेंडर अपने मताधिकार से वंचित रह गए। दूरवर्ती गांव से इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंचे इन लोगों के लिए किसी तरह का इंतजाम नहीं किया जाता। तीनों अस्पतालों में उपचार संबंधी कार्यों के लिए मौजूद लोगों की संख्या करीब सात हजार होती है।

चुनाव कार्यों में व्यस्त रहने वाले शासकीय कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था होती है। वहीं सीनियर सिटीजन की वोटिंग के लिए घर पहुंच सेवा दी जाती है, मगर अस्पतालों में अपनी बीमारी से जूझ रहे मरीजों और उनकी देखभाल करने वाले रिश्तेदारों के लिए किसी तरह का इंतजाम नहीं किया जाता और बड़ी संख्या में ऐसे लोग मतदान से वंचित रह जाते हैं। इस बार भी करीब पांच हजार लोग अपने मत का उपयोग ▶▶ शेष पेज 13 पर

### कहां कितने मरीज

- आंबेडकर अस्पताल- कुल 1240 बेड की क्षमता वाले अस्पताल में करीब एक हजार भर्ती मरीज और उनके साथ दो हजार अटेंडर।
- डीके अस्पताल- कुल साढ़े चार सौ बेड की क्षमता में साढ़े तीन सौ मरीज भर्ती और करीब सात सौ अटेंडर मौजूद।
- एम्स- कुल 960 बेड के अस्पताल में लगभग नौ सौ मरीज और सभी मरीजों के दो-दो यानी कुल 1800 अटेंडर।

### निजी अस्पतालों में भी मरीज

तीन बड़े शासकीय अस्पताल के साथ जिला अस्पताल और कई बड़ी निजी अस्पतालों में भी बडी संख्या में मरीज इलाज के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से आकर भर्ती होते हैं। अति गंभीर स्थिति नहीं होने के बाद भी यह मरीज अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते।

लगातार 2 घंटे की वर्षा से वातावरण में ठंडक, दो दिन कम रहेगी गर्मी


# सुबह ठंडी हवा, दोपहर तेज धूप और शाम होते ही बारिश से बदला मौसम


*जगदलपुर में 24 घंटे के भीतर 61.3 रायपुर में करीब 12 मिमी. बारिश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर समेत प्रदेश के कई शहरों का मौसम बदला रहा। शहर में सुबह के वक्त बादल के साथ ठंडी हवा चलती रही, मगर दिन चढ़ते ही तेज धूप के साथ गर्मी महसूस हुई। शाम होने के बाद पुनः मौसम बदला और दो घंटे की बारिश से ठंडा हो गया। अगले दो दिन तक कम गर्मी रहेगी।

पिछले चौबीस घंटे में बारिश का प्रभाव जगदलपुर में अधिक रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार वहां इस अवधि में 6 सेमी. से अधिक वर्षा हुई है। इसके अलावा बस्तर के कुछ इलाकों में तीन से लेकर एक सेमी. तक बारिश होती रही। बदले मौसम का प्रभाव मंगलवार को राजधानी में भी नजर आया। सुबह छाए बादल के साथ हवा की रफ्तार अधिक होने से गर्मी देर से महसूस हुई। करीब बारह बजे के बाद धूप ने असर दिखाना शुरू किया, मगर तापमान बहुत तेजी से चढ़ नहीं पाया और अधिकतम तापमान ▶▶ शेष पेज 13 पर





### ओडिशा से राजस्थान के बीच द्रोणिका

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका उत्तरी अंदरूनी ओडिशा से राजस्थान के बीच विस्तारित है। हवा की अनियमित गति विदर्भ से तमिलनाडु तक मौजूद है। इसके प्रभाव से बुधवार को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। साथ ही हवा की गति अधिक होने और ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है।



### प्रभावित रही बिजली

शाम तेज हवा और बारिश की वजह से शहर के कई हिस्सों में लाइट गुल हो गई, जिसे लेकर लोग परेशान रहे। इसी तरह रावणभाठा फिल्टर प्लांट की 33 केवी की लाइन में खराबी आ गई, जिसकी वजह से आधे घंटे तक विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही।

### दो डिग्री कम हुआ तापमान

शहर का अधिकतम तापमान सोमवार को सामान्य से दो डिग्री अधिक था, मगर मौसम बदलने की वजह से मंगलवार को चार डिग्री की गिरावट के साथ सामान्य से नीचे हो गया। जगदलपुर का पारा तो सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। इसके अलावा बिलासपुर में पांच, अंबिकापुर में चार, पेंड्रा में एक तथा दुर्ग का तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस कम रिकार्ड किया गया।

#### प्रमुख शहरों के अधिकतम तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 38.9 | जगदलपुर | 25.6 |
| बिलासपुर | 38.4 | दुर्ग | 36.4 |
| पेंड्रा | 38.2 | राजनांदगांव | 41.6 |
| अंबिकापुर | 35.8 | | |

## दो महीने तक महानगरों की ट्रेनों में जगह नहीं स्पेशल ट्रेनें भी फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- स्पेशल और रेगुलर ट्रेनों में वेटिंग सूची हुई लंबी, 58 स्पेशल ट्रेन चलाने के बाद भी राहत नहीं

शादियों के मुहूर्त पर विराम लगने के बाद लोगों का महानगरों की ओर लौटने का क्रम जारी है। रायपुर से मुंबई, हावड़ा, सूरत और अहमदाबाद जाने वाली ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। स्पेशल ट्रेनों में भी यही स्थिति है। मई और जून तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, हावड़ा से रायपुर, मुंबई जाने की राह भी मुश्किल है। मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस में मई से लेकर 22 जून तक सभी श्रेणियों में सौ के ऊपर वेटिंग है। वहीं ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट, एलटीटी एक्सप्रेस, समेत संपर्क क्रांति, समता और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का भी यही हाल है। यह सभी रेगुलर ट्रेन हैं, जिनमें वेटिंग 100 के पार है। जुलाई में भी 20 से 30 वेटिंग स्लीपर और एसी कोच में है। लंबे समय के बाद ट्रेनों में इस तरह की वेटिंग देखने को मिली रही है। 58 स्पेशल ट्रेन बढ़ाने के बाद भी यात्रियों को राहत नहीं मिल रही।

### स्पेशल ट्रेनें भी फुल

मुंबई जाने वाली स्पेशल ट्रेनों में भी सीटें भर गई हैं। रायपुर स्टेशन से गुजरने वाली 08475/08476 पुरी-निज़ामुद्दीन में 50 के ऊपर वेटिंग सीटें हैं। 08793/08794 गोंदिया-पटना- स्पेशल ट्रेन में भी यही स्थिति है। 01701/01702 जबलपुर-दुर्ग- स्पेशल के स्लीपर में इस महीने 60 से ऊपर वेटिंग है। वहीं, एसी कोच भी फुल हैं। 08291/08292 बिलासपुर-यशवंतपुर- स्पेशल ट्रेन के स्लीपर और एसी दोनों में जगह नहीं है। 08796 छपरा-गोंदिया स्पेशल में भी सीटें भरी हैं।

## सिम्स के रीएजेंट से आंबेडकर अस्पताल के मरीजों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- इंटर मेडिकल कॉलेज ट्रांसफर के तहत मिला 15 दिन का स्टाक

लंबे समय से जांच किट के अभाव में मरीजों का इलाज कर रहे आंबेडकर अस्पताल को थोड़ी राहत मिली है। इंटर मेडिकल कॉलेज ट्रांसफर व्यवस्था के तहत सिम्स से 15 दिन का रीएजेंट तथा आवश्यक दवा का स्टाक मिला है। इसके बाद कालेज प्रबंधन ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सीजीएमएससी की जिम्मेदारी

शासकीय मेडिकल कालेज तथा शासकीय अस्पतालों में दवाओं और आवश्यक जांच किट की व्यवस्था की जिम्मेदारी सीजीएमएस की होती है। अक्सर अस्पताल प्रबंधन और कार्पोरेशन के अधिकारियों के बीच समन्वय का अभाव नजर आता है, जिसकी वजह से जरूरी सामान की सप्लाई नहीं हो पाती और उसका परिणाम मरीजों को भुगतान पड़ता है। एसीएस ने इसके लिए भी तालमेल बनाने की नसीहत दी थी।

### डीकेएस की जांच निजी हाथों में

रायपुर मेडिकल कालेज से संबंधित डीके अस्पताल में रेडियोलॉजी तथा पैथालॉजी संबंधी जांच के लिए आउटसोर्सिंग की गई है। इसीलिए जांच की सुविधा चौबीस घंटे मिलती है और टेस्ट किट की समस्या से अस्पताल प्रबंधन को रूबरू नहीं होना पड़ता। आंबेडकर अस्पताल के मरीजों के सैंपल जांच के लिए वहां भेजने का विचार था, मगर तय शुल्क की वजह से मामला नहीं जम पाया था।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने महिलाओं को ठगा नहीं निकली मतदान करने

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने की घोषणा भाजपा ने की थी। सरकार बनने के बाद केवल गरीब महिलाओं को इसका लाभ दिया गया। लोकसभा चुनाव में शहर की चार विधानसभा सीटों पर कम मतदान महिलाओं की नाराजगी को बयां कर रही है। महिलाए अपने घर से वोट करने नहीं निकली। उन्होंने कहा, 15 साल सत्ता में रही भाजपा सरकार जनता के हित में मुलभूत सुविधाओं पर कोई काम नहीं किया। अब फिर सत्ता में आकर जनता को गुमराह कर रही है, इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा की सफाया करने वाली है।

### राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए राशि जारी, हिसाब भी मांगा

**रायपुर।** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के नगरीय निकायों से कहा है कि राज्य प्रवर्तित योजनाओं के तहत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों की किस्तों में राशि जारी की जा रही है, लेकिन साथ ही उपयोगिता प्रमाणपत्र सहित भुगतान का हिसाब भी देने कहा गया है। सूडा ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका और नगर पंचायतों से कहा है कि वे उपयोगिता प्रमाणपत्र दें, जिसमें भुगतान संबंधी अपडेटेड जानकारी, वित्तीय स्थिति, निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, कार्यादेश की प्रति, पूरे हो चुके या प्रगतिरत कार्यों के जियो टैग्ड सत्यापित फोटोग्रॉफ्स, जिसमें समय व दिनांक हो। स्वीकृत सूची का सरल क्रमांक के साथ कार्य का नाम एवं लागत भी बतानी होगी। ये भी कहा गया है कि उपयोगिता प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी।

### शराब की अवैध बिक्री कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर ।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करते एक कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोबरा नवापारा पुलिस को सूचना मिली कि पहलाद कोसरे निवासी सतनामीपारा शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस उसके कब्जे से 10 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 11 सौ रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अकारण विवाद-मारपीट पत्थर से किया वार

**रायपुर।** सीएसईबी कॉलोनी गुढ़ियारी में बिट्टू नामक एक युवक ने प्रार्थी प्रमोद जंघेल निवासी कृष्णानगर गुढ़ियारी से बिना कारण विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा पत्थर से वार कर फरार हो गया। इससे उसे चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 6 मई को दोपहर 12.30 बजे माना बस्ती नहर पुलिया के पास की है। घटना के दिन कार क्रमांक-04 केवाय-9775 के चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी थी, जिससे संजू निर्वांस निवासी रोटरी नगर हीरापुर की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना में बाइक पर सवार इरफान और आरिफ को भी चोटें आई हैं। माना कैंप पुलिस ने इस मामले में कार चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### राधिका भाजपा में, भूपेश बोले- कितने में हुई है डील, बताएं

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संचार विभाग के विवादों आई राधिका खेड़ा ने अंततः भाजपा प्रवेश कर लिया। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के लिए मतदान के बीच कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुईं। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को हुए विवाद के बाद से यह प्रकरण एक सप्ताह तक चला। मामले में आरोप- प्रत्यारोप के दौर के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं ने मामले में राधिका खेड़ा को ही जिम्मेदार माना है।

---

**लोस चुनाव :** बहनाकड़ी, भानसोज, रीवा, बनचरौदा व आरंग में सेल्फी प्वाइंट बना रहा आकर्षण का केंद्र

# चिलचिलाती धूप में भी लोकतंत्र के प्रति दिखा गजब का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग








मंगलवार को लोकतंत्र रूपी महायज्ञ में मत रूपी आहुति डालने मतदाताओं में गजब का उत्साह नजर आया। दिव्यांग, वरिष्ठ, युवा एवं नारी शक्ति शत-प्रतिशत मतदान के लिए बड़े उत्साहित नजर आए। वहीं नगर सहित अंचल के सभी 250 मतदान केंद्रों में सुबह से शाम तक चहल-पहल रही। हर्ष का विषय यह रहा कि दोपहर की चिलचिलाती धूप में भी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित दिखाई दिए। वहीं आदर्श संगवारी मतदान केंद्र पारागांव, बोड़रा, गोइंदा, गुल्लू, नरदहा भंडारपुरी, बाहनाकड़ी, भानसोज, रीवा, बनचरौदा, आरंग आदि बहुत से केंद्रो में सेल्फी जोन बड़ा ही आकर्षण का केंद्र रहा। मतदान केंद्रों को मंडप मड़वा की तर्ज पर सजाना, मतदाताओं का प्रवेश द्वार में तिलक, चंदन व गुलदस्ते से स्वागत, किड्स प्ले जोन, ओआरएस घोल की सुविधा, नींबू पानी शर्बत, मठ्ठा, मटके का शीतल जल, शीतल हवा, मतदाताओं के लिए प्रतीक्षालय, स्वास्थ्य परीक्षण आकर्षक साज-सज्जा के साथ हैप्पी वोटिंग का संदेश आदि गतिविधियों ने मतदाताओं को काफी प्रभावित किया। जिसकी जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। वहीं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला, जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने सभी मतदान केंद्रो की जानकारी लेते हुए अनेक मतदान केंद्रों में स्वयं जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देशित भी किया। निरीक्षण की इन गतिविधियों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी निहाली प्रसाद कुर्रे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.के. पटेल, तहसीलदार राजकुमार साहू, नायब तहसीलदार सृजल साहू, एन.एस. पिस्दा, श्रुति शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के सहित स्वीप जागरूकता टीम आरंग की भी विशेष सहभागिता रही। वहीं एसडीएम आरंग ने शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए निर्वाचन में ड्यूटी कर रहे सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं मतदाताओ के प्रति आभार व्यक्त किये हैं। वहीं आरंग के 85 वर्षीय राजपुरोहित पंडित रामसहाय शर्मा ने अपने पोते अविनाश शर्मा तथा वार्डवासियों के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर अपना वोट दिया एवं लोगों को वोट देने के लिए अपील की।

## लोकतंत्र पर्व, ग्रामीणों में दिखा जबरदस्त उत्साह, धरसींवां में 74 प्रतिशत वोटिंग





**धरसींवा।** तीसरे चरण के मतदान के लिए मंगलवार को लोकतंत्र का महापर्व सम्पन्न हुआ। जिसमें नव मतदाता सहित बुजुर्गों में भी गजब का उत्साह देखा गया। जहां सुबह से ही लोग अपने अपने बूथों में लाइन लगा कर मतदान किये और जानकारी के मुताबिक विधान सभा धरसींवा में लगभग 74 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुए।

वहीं लोक सभा चुनाव के स्टार प्रचारक व धरसींवा विधायक अनुज शर्मा की चार दिन पूर्व ही प्रचार के दौरान तबियत बिगड़ गई है। जिससे बेहतर इलाज के लिए एमएमआई नारायणा में भर्ती किया गया है। इस दौरान मंगलवार को देश के महापर्व लोकतंत्र लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें विधायक अनुज शर्मा ने बिगड़े तबियत के बीच अस्पताल से लाभांडी बूथ पहुंच कर अपना मतदान किये और सभी को वोट करने की अपील किये। वहीं धरसींवा विधान सभा मे सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला और शाम तक लगभग धरसींवा विधान सभा मे 74 प्रतिशत तक मतदान होने की खबर आई।

लोकसभा चुनाव 2024 के भाजपा के स्टार प्रचारक और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा बीते तीन दिन पहले मुख्यमंत्री की धरसींवा विधानसभा आगमन सहित भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के प्रचार प्रसार के दौरान श्री शर्मा की तबियत बिगड़ गई। जिसे बेहतर इलाज के लिए 05 मई को एमएमआई नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिगड़े तबियत के बीच श्री शर्मा ने कहा कि इस बार रायपुर की जनता इतिहास रचेगी। देश में बीजेपी 400 सीटें जीतेगी। जनता का रुझान बहुत बढ़िया है। मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए जनता में काफी उत्साह है।

## बहनाकाड़ी में 70% मतदान








**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित आरंग विधानसभा के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत बहना काड़ी में आदर्श मतदान केंद्र पर लोक सभा चुनाव को लेकर गांव के पुरुष और महीलाओ में उत्साह दिखा। जहां राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान करने तपती गर्मी में मतदान केंद्र पहुंचे जहा मतदान केंद्र पर त्योहार सा माहौल रहा। वहीं मतदान केंद्र शादी की मंडप की तरह सजाया गया था। मतदाताओं ने मतदान करने के बाद सेल्फी जोन में सेल्फी ली। गर्मी से राहत के लिए शरबत, शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई थी। वहीं बच्चों के लिए खेल ग्राउंड और सामग्री जो सभी का मन मोह लिया।

## सुबह से मतदान केंद्रों में लगी रही मतदाताओं की लंबी कतार, तिल्दा नेवरा में 75% वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



प्रदेश में तीसरे और आखिरी चरण का मतदान संपन्न हुआ। जहां पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के तिल्दा नेवरा में सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। साथ ही महिलाओं की लंबी कतारें लगी हुई थी। सुबह से ही मतदाता लंबी कतारों में मतदान करने पहुंचे। तिल्दा नेवरा शहर में लगभग 74.17% मतदान हुआ है। वहीं ग्राम पंचायत तुलसी स्थित मतदान केंद्र में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा अपने परिवार सहित उपस्थित हुए एवं लाइन में खड़े हुए उसके पश्चात उन्होंने अपना मतदान किया। साथ ही मतदान के पश्चात उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजयी होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष लेमिछा गुरु डहरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा आदि भाजपा नेताओं के साथ तिल्दा नेवरा के सभी बूथों में जाकर जायजा लिए है। चर्चा करते हुए भाजपा नेताओ ने कहा की भाजपा की जीत तय है। वार्ड 19 तिल्दा बस्ती में भारी मतदान, पार्षद ने कहा महंगाई के खिलाफ पड़ है मतदान। वार्ड 19 व 20 के मतदान केंद्रों में जमकर मतदान हुआ है, खासकर 19 नंबर वार्ड के पोलिंग बूथ पर भारी भीड़ दिनभर रही। वार्ड के पार्षद लक्ष्मी नारायण वर्मा ने कहा की महंगाई के खिलाफ महिलाएं बढ़ -चढ़ कर मतदान कर रहे हैं। साथ ही कांग्रेस की गारंटी योजना पर भी महिलाएं ज्यादा वोट कांग्रेस को दी है।

---

# कलेक्टर-एसएसपी ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह सोमवार को बीपी पुजारी स्कूल मतदान केंद्र पहुंचे और सबसे पहले मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने भी वोट दिया। मतदान के बाद दोनों ने स्याही लगी उंगली दिखाते हुए फोटो खिंचाई और इसे सोशल मीडिया में वायरल कराते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

**एसएसपी ने पत्नी संग किया मतदान :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पत्नी वंदना सिंह के साथ सिविल लाइंस के जल संसाधन विभाग स्टेट डाटा सेंटर में बने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी भी ली, जिसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

## रेल यात्रियों से दुर्व्यवहार करने वाले सात किन्नरों को आरपीएफ पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



किन्नरों के द्वारा यात्रियों से दुर्व्यवहार करने की जानकारी आरपीएफ तिल्दा के संज्ञान में आने पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर दिनांक 6 मई को गाडी संख्या 18242 अम्बिकापुर दुर्ग एक्स में 4 किन्नरों को तथा दिनॉंक 7 मई को तिल्दा में गाड़ी संख्या 12834 हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस में 03 किन्नरों को पकड़ा गया एवं रेलवे सुरक्षा बल चौकी तिल्दा में उनके विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

जिसमें राखी किन्नर, रानी किन्नर, नंदिनी किन्नर, पायल किन्नर निवासी माता देवालय वार्ड भाटापारा तथा दिनांक 7 मई को जोया खान किन्नर, पूजा सोनी किन्नर, सूरजमुखी किन्नर निवासी बिलासपुर के विरूद्ध कार्यवाही की गई। उन्हें रेल गाड़ियों में यात्रियों से दुर्व्यवहार नहीं करने की हिदायत दी गईं। आरपीएफ तिल्दा/ भाटापारा के द्वारा यात्रियों की यात्रा सुगम और सुखमय बनाने के लिए भविष्य में भी अवैध रुप से रेल पर आने वाले किन्नरों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु अभियान जारी रहेगा।

---

**बीते साल 137 योजनाएं आईं थीं सालभर में, पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच**

# रियल एस्टेट में नई योजनाओं की रफ्तार धीमी, चार माह में रेरा में 60 का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक चार माह में 60 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

### चार माह में 60 योजनाएं

नए साल 2024 में चार माह में अब तक 60 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेश भर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। कांग्रेस सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।




### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुईं। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुईं। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं।

इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

# किरण देव बोले- सभी 11 सीटों पर खिलेगा कमल, बैज ने कहा- भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेंगे

**तीसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा-कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्षों का अपना-अपना दावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में तीसरे चरण में सात सीटों पर मतदान के साथ ही प्रदेश में 11 सीटों पर चुनाव पूरा हो गया है। इसी के साथ अब भाजपा और कांग्रेस के दावे भी सामने आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने जहां सभी 11 की 11 सीटें जीतने का दावा किया है, वहीं कांग्रेस के भी प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का कहना है, कांग्रेस इस बार भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने तीसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में पहले और दूसरे चरण के मतदान में भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद देने के बाद अब दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और सरगुजा लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। तीसरे चरण चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा और 7 लोकसभा सीटों में हुए मतदान लगभग 75 प्रतिशत रहा। श्री देव ने कहा, मतदान का भारी प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न तीनों चरणों के मतदान के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाया और भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी है और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी।






### कांग्रेस के पक्ष में दिखा माहौल : दीपक बैज

तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भीषण गर्मी की परवाह नहीं करते हुए अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को मतदान करके निभाया यह छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को दिखाता है। तीसरे चरण के साथ ही राज्य के सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। उनका कहना है, कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सीटें जीत रही है। श्री बैज ने कहा, जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध मतदान किया। आज मतदान हुए सभी 7 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में रूझान साफ दिख रहा था। लोग मोदी सरकार की विदाई के लिए भीषण गर्मी में अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों तक आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने महिलाओं को ठगा नहीं निकली मतदान करने

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने की घोषणा भाजपा ने की थी। सरकार बनने के बाद केवल गरीब महिलाओं को इसका लाभ दिया गया। लोकसभा चुनाव में शहर की चार विधानसभा सीटों पर कम मतदान महिलाओं की नाराजगी को बयां कर रही है। महिलाए अपने घर से वोट करने नहीं निकली। उन्होंने कहा, 15 साल सत्ता में रही भाजपा सरकार जनता के हित में मुलभूत सुविधाओं पर कोई काम नहीं किया। अब फिर सत्ता में आकर जनता को गुमराह कर रही है, इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा की सफाया करने वाली है।

### राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए राशि जारी, हिसाब भी मांगा

**रायपुर।** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के नगरीय निकायों से कहा है कि राज्य प्रवर्तित योजनाओं के तहत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों की किस्तों में राशि जारी की जा रही है, लेकिन साथ ही उपयोगिता प्रमाणपत्र सहित भुगतान का हिसाब भी देने कहा गया है। सूडा ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका और नगर पंचायतों से कहा है कि वे उपयोगिता प्रमाणपत्र दें, जिसमें भुगतान संबंधी अपडेटेड जानकारी, वित्तीय स्थिति, निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, कार्यादेश की प्रति, पूरे हो चुके या प्रगतिरत कार्यों के जियो टैग्ड सत्यापित फोटोग्रॉफ्स, जिसमें समय व दिनांक हो। स्वीकृत सूची का सरल क्रमांक के साथ कार्य का नाम एवं लागत भी बतानी होगी। ये भी कहा गया है कि उपयोगिता प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी।

### शराब की अवैध बिक्री कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर ।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करते एक कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोबरा नवापारा पुलिस को सूचना मिली कि पहलाद कोसरे निवासी सतनामीपारा शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस उसके कब्जे से 10 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 11 सौ रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अकारण विवाद-मारपीट पत्थर से किया वार

**रायपुर।** सीएसईबी कॉलोनी गुढ़ियारी में बिट्टू नामक एक युवक ने प्रार्थी प्रमोद जंघेल निवासी कृष्णानगर गुढ़ियारी से बिना कारण विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा पत्थर से वार कर फरार हो गया। इससे उसे चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 6 मई को दोपहर 12.30 बजे माना बस्ती नहर पुलिया के पास की है। घटना के दिन कार क्रमांक-04 केवाय-9775 के चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी थी, जिससे संजू निर्वांस निवासी रोटरी नगर हीरापुर की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना में बाइक पर सवार इरफान और आरिफ को भी चोटें आई हैं।

---

### शहर की चारों सीटों पर मतदान रहा धीमा, वोटर घरों ने नहीं निकले

# बृजमोहन और विकास के विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में उत्साह कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव से भी एक-दो प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। निर्वाचन द्वारा शाम तक के जारी आंकड़े को देखा जाए, तो शहर की चारों सीटों में आधे से कुछ अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। बृजमोहन अग्रवाल के दक्षिण विधानसभा सीट और विकास उपाध्याय के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में उत्साह नहीं दिखा। यहां 50 प्रतिशत से कुछ अधिक मतदाताओं ने वोट डाला है। वोटिंग प्रतिशत विधानसभा चुनाव से कम है।

रायपुर लोकसभा के 9 विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान में शहर की चारों सीटों पर कम मतदान ने दोनों दलों के प्रत्याशियों को निराश किया है। वहीं धरसींवा विधानसभा में सर्वाधिक वोटिंग हुई है। यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यहां मतदान का प्रतिशत 72 से अधिक रहा है। यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों के माहौल के आधार पर दोनों पार्टी अपने पक्ष में होने का अनुमान लगा रही हैं। शहर के उत्तर और ग्रामीण में भी विधानसभा की तरह ही कम मतदान हुआ। यहां पर मतदाताओं में उत्साह नहीं दिखा। भाटापारा विधानसभा जिस पर कांग्रेस का कब्जा है, वहां पर 66 प्रतिशत के लगभग वोटिंग हुई है। आरंग, अभनपुर और बलौदाबाजार सीट पर मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव के बराबर था।

### रायपुर लोकसभा में शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत

रायपुर – 61.25 प्रतिशत
अभनपुर – 67.58 प्रतिशत
आरंग – 67.99 प्रतिशत
बलौदाबाजार – 68.66 प्रतिशत
भाटापारा – 65.91 प्रतिशत
धरसींवा – 72.61 प्रतिशत
रायपुर ग्रामीण – 52.83 प्रतिशत
रायपुर सिटी उत्तर – 53.44 प्रतिशत
रायपुर सिटी दक्षिण -57.23 प्रतिशत
रायपुर सिटी पश्चिम – 50.08 प्रतिशत




### अन्य 6 लोकसभा के विधानसभावार आंकड़े कुछ इस प्रकार

बिलासपुर – 60.05 प्रतिशत
बेलतरा – 61.69 प्रतिशत
बिलासपुर – 54.57 प्रतिशत
बिल्हा – 63.80 प्रतिशत
कोटा – 58.60 प्रतिशत
लोरमी – 62.77 प्रतिशत
मस्तूरी – 53.40 प्रतिशत
मुंगेली – 63.17 प्रतिशत
तखतपुर – 63.12 प्रतिशत

दुर्ग – 67.33 प्रतिशत
अहिवारा – 68.48 प्रतिशत
बेमेतरा – 71.33 प्रतिशत
भिलाई नगर – 59.86 प्रतिशत
दुर्ग सिटी – 63.78 प्रतिशत
दुर्ग ग्रामीण – 69.49 प्रतिशत
नवागढ़ – 68.02 प्रतिशत
पाटन – 71.23 प्रतिशत
साजा – 69.01 प्रतिशत
वैशाली नगर – 63.84प्रतिशत

जांजगीर चांपा – 62.44 प्रतिशत
अकलतरा – 62.12 प्रतिशत
भिलाईगढ़ – 64.23 प्रतिशत
चंद्रपुर – 64.50 प्रतिशत
जैजैपुर – 60.42 प्रतिशत
जांजगीर चांपा – 68.45 प्रतिशत
कसडोल – 62.16 प्रतिशत
पामगढ़ – 60.90 प्रतिशत
सक्ती – 56.27 प्रतिशत

कोरबा – 70.60 प्रतिशत
बैंकुठपुर – 76.65 प्रतिशत
भरपुर सोनहत – 79.90 प्रतिशत
कटघोरा – 70.29 प्रतिशत
कोरबा – 58.03 प्रतिशत
मनेंद्रगढ़ – 67.83 प्रतिशत
मरवाही – 71.46 प्रतिशत
पाली तनाखार – 76.49 प्रतिशत
रामपुर – 68.44 प्रतिशत

रायगढ़ – 75.84 प्रतिशत
धरमजयगढ़ – 81.76 प्रतिशत
जशपुर – 72.55 प्रतिशत
खरसिया – 79.97 प्रतिशत
कुनकुरी – 76.14 प्रतिशत
लैलुंगा – 80.89 प्रतिशत
पत्थलगांव – 75.65 प्रतिशत
रायगढ़ – 71.67 प्रतिशत
सारंगढ़ – 70.79 प्रतिशत

सरगुजा – 74.17 प्रतिशत
अंबिकापुर – 70.46 प्रतिशत
भटगांव – 73.98 प्रतिशत
लूंड्रा – 75.62 प्रतिशत
प्रतापुपर – 77.73 प्रतिशत
प्रेमनगर – 74.66 प्रतिशत
रामानुजगंज – 72.96 प्रतिशत
सामरी – 76.37 प्रतिशत
सीतापुर – 71.93 प्रतिशत

---

# बृजमोहन बोले- मोदी की गारंटी और साय के सुशासन से जनता भाजपा के साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मोदी की गारंटी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के कारण जनता भाजपा के साथ है। जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। श्री अग्रवाल ने मंगलवार को बूढ़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मौदहापारा में सपरिवार वोट डाला।

वोट डालने के बाद श्री अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, मैंने अपना वोट प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री ने उन्हें लोकसभा का टिकट देकर इस बार दिल्ली में रायपुर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। उन्होंने कहा, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि वह आठ बार से लगातार विधायक चुने गए हैं। इस बार भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी लगन और मेहनत के साथ कार्य किया है। ऐसे में उनकी जीत पर किसी भी प्रकार का संशय नहीं रह जाता।

---

# कलेक्टर-एसएसपी ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह सोमवार को बीपी पुजारी स्कूल मतदान केंद्र पहुंचे और सबसे पहले मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने भी वोट दिया। मतदान के बाद दोनों ने स्याही लगी उंगली दिखाते हुए फोटो खिंचाई और इसे सोशल मीडिया में वायरल कराते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

**एसएसपी ने पत्नी संग किया मतदान :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पत्नी वंदना सिंह के साथ सिविल लाइंस के जल संसाधन विभाग स्टेट डाटा सेंटर में बने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी भी ली, जिसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।



### महापौर ढेबर ने सपत्नीक किया मतदान

तीसरे चरण के लिए मंगलवार को हुए मतदान में महापौर एजाज ढेबर होलीक्रॉस स्थित अपने पोलिंग बूथ में सपत्नीक वोट डालने पहुंचे। इस मौके पर श्री ढेबर ने शहर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने की अपील की। रायपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सहित 38 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं।



---

# राधिका भाजपा में, भूपेश बोले- कितने में हुई है डील, बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संचार विभाग के विवादों आई राधिका खेड़ा ने अंततः भाजपा प्रवेश कर लिया। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के लिए मतदान के बीच कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुईं।

■ कांग्रेस नेताओं पर लगाए थे कई गंभीर आरोप

उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को हुए विवाद के बाद से यह प्रकरण एक सप्ताह तक चला। मामले में आरोप- प्रत्यारोप के दौर के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं ने मामले में राधिका खेड़ा को ही जिम्मेदार माना है। मामले में टीएस सिंहदेव ने कहा, उन्हें समन्वय बनाने भेजा गया था। राधिका खेड़ा के बीजेपी ज्वाइन करने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डील तो हुई है और कितने की डील हुई है, ये राधिका खेड़ा बताएं। ज्ञात हो कि राधिका ने पार्टी से इस्तीफा देकर सोमवार को सुशील आनंद शुक्ला समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गई, जिसके बाद राधिका खेड़ा पर भी कई सवाल खड़े किये जा रहे हैं।




### राधिका ने खुद एक गलती की- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा, राधिका ने खुद व्यवस्था की एक गलती की। जब हमारे देश के मीडिया अध्यक्ष आ रहे थे, तब उनके कार्यक्रमों को गुपचुप तरीके से व्यक्तिगत तौर पर जाकर सारे मीडिया हाउस में समय तय कर लिया। अब अपनी बात को ढकने के लिए उन्होंने ये प्रचारित किया कि मेरे साथ ऐसा हुआ, ये हुआ।

### बीजेपी नेताओं की मानसिक स्थिति ठीक नहीं

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेताओं को विलुप्त प्रजाति का बता दिया है। भूपेश बघेल ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मतदाताओं को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बीजेपी के नेताओं की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

### सुशील ने राधिका को भेजा मानहानि का नोटिस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के वकील संदीप दुबे ने राधिका खेड़ा को मानहानि का कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने यह नोटिस उनके व्हाट्सएप, ई-मेल और डाक के पते पर भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि इसका जवाब 15 दिन में दें, अन्यथा सक्षम न्यायालय में मानहानि का प्रकरण दर्ज कराया जाएगा।

---

### बीते साल 137 योजनाएं आई थीं सालभर में, पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच

# रियल एस्टेट में नई योजनाओं की रफ्तार धीमी, चार माह में रेरा में 60 का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक चार माह में 60 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

### चार माह में 60 योजनाएं

नए साल 2024 में चार माह में अब तक 60 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेश भर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। कांग्रेस सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।




### 2022 में बना रिकॉर्ड


रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुई। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुई। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं।

इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल ने सार्थक को बताया मराठी समाज का गौरव

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ आजीवन सभासद रविंद्र और वैशाली मोहरिल के सुपुत्र सार्थक मोहरिल ने आईसीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। महाराष्ट्र मंडल ने सार्थक की इस उपलब्धि को मराठी समाज का गौरव व शालेय विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद बताया है। अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित समस्त कार्यकारिणी ने सार्थक को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। दिव्य महाराष्ट्र मंडल से बातचीत में सार्थक ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई के लिए कोई शेड्यूल नहीं बनाया था। जब मन लगता तो पढ़ने के लिए बैठ जाते थे। वे प्रतिदिन पांच-छह घंटे घर पर पढ़ाई करते थे और उसके बाद कोचिंग जाते थे।



## निधन

### खगेश साहू

**रायपुर।** नंदी चौक टिकरापारा निवासी खगेश साहू (54) का 7 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे महेंद्र, अनिल, सुनील, संदीप, दाऊ साहू के भाई, पंकज साहू के पिता और चंद्रकुमार साहू के चाचा थे।



### बंकटलाल शर्मा

**रायपुर।** सूर्योदय हार्मनी अवंति विहार निवासी बंकट लाल शर्मा (59) का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 मई सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे ऋषभ शर्मा के पिता, ओमप्रकाश शर्मा एवं रामअवतार शर्मा के भाई थे।



### हीरानंद कोडवानी

**रायपुर।** ला विस्टा कॉलोनी अमलीडीह निवासी हीरानंद कोडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 मई को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक कोडवानी के पिता और महेश कोडवानी के भाई थे।




**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत,
न्यायालय श्री दिवाकर पाण्डेय
न्यायायुक्त, रांची, झारखण्ड
सिविल अपिल स.-20/2023

अशोक कुमार साबु वगैरह............अपीलकर्ता
बनाम
अर्चना साबु वगैरह............................ विपक्षी

नोटिस बनाम

**श्रीमती ममता महेश्वरी** पत्नी प्रवीण महेश्वरी पुत्री स्व. गोविन्द राम साबु पता - सनसाईन स्कूल बिलासपुर (छतीसगढ़)।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आप लोगों के विरूद्ध अपील वाद दायर किया है जिसमें अन्य माध्यम से आप लोगों की उपस्थिति सुनिचित नहीं हो पाई हैं।

एतद द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त अपील वाद में दिनांक 21/05/2024 को 7:30 बजे पूर्वाहन स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा मामले में उचित आदेश पारित किया जाएगा। इसे सख्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 03/05/2024 को नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं कोर्ट के मोहर द्वारा जारी किया जाता हैं।

मुहर

न्यायायुक्त, रांची
व्यवहार न्यायालय,
रांची झारखण्ड


# वार्डों में मलबा एकत्रित करने बनाए गए कलेक्शन सेंटर निगरानी का सिस्टम ठप, खुले स्थानों पर मलबा

**नगर निवेश के इंजीनियरों को मिला था निगरानी का जिम्मा**

**धूल और वायु प्रदूषण के खतरे से बचाने निगम ने बनवाये मलबा कलेक्शन सेंटर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्डों में मलबा एकत्रित करने नगर निगम द्वारा बनाये गये कलेक्शन सेंटर की निगरानी नहीं होने से शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाला मलबा सड़क पर खुले में फेंका जा रहा है। इससे आम जनता को जहां आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं बेतरतीब बिखराये गये मलबा से धूल और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है, जबकि निगम आयुक्त ने अलग-अलग वार्डों में बनाये गये मलबा कलेक्शन सेंटर की निगरानी की जिम्मेदारी नगर निवेश विभाग के इंजीनियरों को दी है। निर्देश यह भी है कि खुले में मलबा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जायेगा।

दरअसल, शहर में निर्माण और तोड़फोड़ कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाले मलबा को सड़क पर एकत्रित करने की जगह एक निश्चित स्थान पर संग्रहण करने नगर निगम प्रशासन ने वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाये। मकसद ये रहा कि खुले में मलबा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगे और मलबा कलेक्शन सेंटर में एकत्र निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को हीरापुर के प्रसंस्करण यूनिट में परिवहन कर फिर से उपयोग लायक बनाया जाये।



### मलबा कलेक्शन के इन जगहों पर बनाए हैं सेंटर

- माधवराव सप्रे वार्ड - लिमाही तालाब के पास साहू समाज भवन के समीप इंद्रप्रस्थ रोड रायपुरा
- भक्त कर्मा माता वार्ड - पीएस सिटी, विनायक सिटी के पास
- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड - दलदल सिवनी इंदिरा स्मृति वन के बाजू में, सड्डू अविवा उद्यान के सामने वाली जगह
- तात्यापारा वार्ड - नेमीचंद गली, अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान
- बालगंगाधर तिलक वार्ड - जनता कालोनी पानी टंकी के पास
- मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड - जनता कालोनी पानी टंकी के पास
- संतराम दास वार्ड - दिशा कालेज के पास रामनगर मुक्तिधाम कृष्णा नगर
- बाबू जगजीवन राम वार्ड - देवपुरी बस्ती, महात्मा गांधी नगर नाला महावीर नगर अमलीडीह
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड - डूंडा स्कूल के पास
- पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड - वीआईपी रोड फुंडहर गोठान के पास, राजीव स्मृति वन के पीछे
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड - संतोषी नगर चौक से तरुण बाजार चौक, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना
- श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड - रावतपुरा फेस 1 सामुदायिक भवन रोड शासकीय स्कूल के पास पानी टंकी मठपुरैना
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड - चौरसिया कालोनी गोठान के पास
- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - सीएसईबी कालोनी डगनिया पानी टंकी शासकीय स्कूल के पास
- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड - अशोका रतन पाम ब्लाजियो के सामने, शंकर नगर अशोका रतन रोड
- यतियतन लाल वार्ड - भनपुरी रोड बेस्ट प्राइज शॉपिंग मॉल भनपुरी गोठान

**पीपीपी मोड पर संचालन, 1 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार**

# मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का ढांचा तैयार, चुनाव के बाद संचालन के लिए तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री खुलेगी, जिसमें 1 हजार महिलाओं को अनुबंधित एजेंसी निःशुल्क प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनायेगी। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण के बाद कारखाने में रोजगार मिलेगा। पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री का संचालन होगा। नगर निगम की योजना शाखा ने इसके लिए आरएफपी तैयार कर ऑनलाइन टेंडर किया है। लोकसभा चुनाव के बाद टेंडर खुलेगा, जिसमें एजेंसी तय होगी। चयनित एजेंसी 1 हजार सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन खुद के खर्च पर जुटाएगी।

- एजेंसी तय करने जल्द खुलेगा टेंडर

शहर के मोवा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने की तैयारी है। इसके लिए प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये का टेंडर कर नगर निगम ने प्रथम चरण में अनुबंधित एजेंसी से इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने का काम पूरा करा लिया है। इसमें शेड का निर्माण, बाउंड्रीवॉल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकास के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है।





### 1 हजार सिलाई मशीन खरीदने नहीं आई स्वीकृति

15 करोड़ रुपये गारमेंट फैक्ट्री वाले प्रोजेक्ट में नगर निगम को 1 हजार सिलाई मशीन खरीदने 9 करोड़ रुपये की स्वीकृति शासन से मिलनी थी। इस राशि से नगर निगम सिलाई मशीन की खरीदकर चयनित एजेंसी को उपलब्ध कराता, पर शासन स्तर पर आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली। ऐसे में अब चयनित एजेंसी ही 1000 सिलाई मशीन की खरीदी कर प्रोजेक्ट को रन करेगी। नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी केवल संबंधित जगह का किराया देगी।

### महिलाओं का चयन, निशुल्क प्रशिक्षण, रोजगार देगी एजेंसी

1000 सीटर गारमेंट फैक्ट्री में आसपास की महिलाओं का चयन कर उन्हें सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ फैक्ट्री में रोजगार उपलब्ध कराने का जिम्मा अनुबंधित एजेंसी का रहेगा। गारमेंट फैक्ट्री में महिलाएं जींस, ट्राउजर सहित ऐसे ही अन्य तरह के लेटेस्ट गारमेंट बनाना सीखेंगी। उनके द्वारा तैयार उत्पाद का मार्केट गारमेंट फैक्ट्री का संचालन करने वाली एजेंसी उपलब्ध करायेगी।

### दंतेवाड़ा में डेनेक्स नाम से कपड़ों का ब्रांड

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने वहां महिलाओं के सहयोग से वहां डेनेक्स नाम से कपड़ों का एक ब्रांड स्थापित किया है। यह अपनी तरह का एक अनूठा प्रयोग है। इसी थीम पर राजधानी रायपुर में नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में 1 हजार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालित करने की तैयारी है।

# सवारी की जेब से उड़ाए 45 हजार, ऑटो चालक गिरफ्तार

**ऑटो चालक का साथी अभी भी फरार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आमानाका क्षेत्र में ऑटो रिक्शा के चालक और उसके साथी ने बहाने से एक सवारी की जेब से 45 हजार रुपये पार कर दिए। घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है, वहीं उसका साथी अभी फरार है।

देव बलौदा गौस्थल के पास भिलाई निवासी जानुल खान मनिहारी सामान फेरी करके अपना जीवन यापन करता है। सोमवार को अपनी पत्नी के साथ मनिहारी सामान लेने गोलबाजार रायपुर आया था। सामान लेने के बाद वे दोनों वापस जाने के लिए शारदा चौक से कुम्हारी के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुए। ऑटो जैसे ही बीच रास्ते में पहुंचा, उसके चालक प्रवेश पांडेय ने ऑटो में खराबी आने की बात कहते हुए वहां रोक दिया। इस दौरान चालक ने जानुल को ऑटो में बैठे-बैठे पैर से सीट में लगी पट्टी को धक्का देने के लिए कहा। इसके बाद ऑटो चालू हो गया। चालक ने फिर कुछ दूर जाकर ऑटो को रोक दिया और खराब होने का बहाना बनाकर जानुल और उसकी पत्नी को सामान सहित ऑटो से उताकर कर वहां से ऑटो सहित भाग गया। इस घटना के बाद जानुल को शंका होने पर जब उसने अपनी पेंट की जेब चेक की, तो उसमें रखे 45 हजार भी नहीं थे। उसे समझते देर नहीं लगी कि दोनों धक्का लगाने के बहाने उसकी जेब से रुपये चोरी कर ले गए। घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में जांच शुरू करते हुए चालक को ऑटो के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 42 हजार रुपये बरामद भी किए गए हैं। आरोपी का साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# गर्मी से राहत देने मतदान केंद्रों में ओआरएस और नीबू पानी का वितरण, छांव की भी व्यवस्था

**सामाजिक संगठनों की मदद से नगर निगम की व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भरी गर्मी में मतदान करने पहुंचे लोगों को सुकून देने के लिए केंद्रों में ओआरएस और नीबू पानी का वितरण किया गया। इसके साथ कड़ी धूप से लोग बीमार ना हों, इसलिए पंडाल लगाकर छांव की व्यवस्था की गई थी। मतदाताओं को सुविधा देने के लिए नगर-निगम ने विभिन्न सामाजिक संगठनों की मदद ली थी। वहीं आवश्यक दवाओं और एंबुलेंस की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई थी।

तेज धूप के बीच मतदान करने आए लोगों की तबीयत का ख्याल रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा योजना बनाई गई थी। इसके लिए नगर-निगम और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर विभिन्न संगठनों की मदद ली गई थी। केंद्रों में लंबी लाइन के बीच मताधिकार के लिए अपनी बारी का इंतजार करने वालों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी के साथ शर्बत और नीबू पानी की व्यवस्था भी की गई थी। धूप के दौरान लोग डिहाईड्रेशन का शिकार ना हों, इसे भी ध्यान रखा गया था और प्रत्येक मतदान केंद्र में मितानिन की टीम को ओआरएस के पैकेट के साथ तैनात किया गया था। इसके लिए एक निर्धारित स्थल पर ओआरएस कार्नर भी बनाए गए थे। मतदान से पहले और बाद में लोग ठंडे शर्बत और ओआरएस का उपयोग करते रहे। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी



अस्पतालों की मदद से स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं वाले मेडिकल किट के साथ चिकित्सकीय टीम को तैनात किया था और दस मतदान केंद्रों के बीच एक एंबुलेस की व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों के अनुसार एंबुलेंस अथवा दवाओं की जरूरत किसी भी इलाके में नहीं पड़ी।

### कई इलाकों में नाश्ते की व्यवस्था

शहर के कई मतदान केंद्रों के आसपास लोगों के लिए सामाजिक संगठनों द्वारा पोहा सहित अन्य नाश्तों की व्यवस्था की गई थी। कुछ एक हिस्सों में मठा के पैकेट भी बांटे जा रहा थे। इसके अलावा एक दो स्थानों पर दोपहर खाने के पैकेट की व्यवस्था भी लोगों के लिए की गई थी।

पेज 11 के शेष

### जिंदा वोटर को सूची...

बूथ में बुलाया और एक फार्म भराने के बाद उसे वोट देने का अधिकार दिया। मिली जानकारी के अनुसार श्याम नगर क्षेत्र का निवासी सुधीर मंडोपे सुबह करीब 11.30 बजे वोट करने अपने मतदान केंद्र श्यामनगर सचदेवा इंटरनेशनल स्कूल पहुंचा था। बूथ में जब उसने अपना परिचय पत्र दिखाया, तो मतदान दल ने वोटर लिस्ट में उसे मृत बताया। मतदान दल के साथ राजनीतिक दलों के बैठे एजेंट के पास मौजूद लिस्ट में भी सुधीर का नाम नहीं था। इसके कारण मतदान दल ने उसे वोट करने से मना कर दिया। इस दौरान सुधीर पीठासीन सहित अन्य कर्मचारियों को बार-बार यह कहता रहा है कि वह जिंदा है, तो उसे वोटर लिस्ट में मृत कैसे बता दिया गया है। उन्होंने मतदान कर्मचारियों को बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 में उसका नाम वोटर लिस्ट में था और उसने वोट भी किया था। वोटर की बात सुनने के बाद भी मतदान दल ने उसकी एक न सुनते हुए उसे लौटा दिया।

### मताधिकार से वंचित रह...

नहीं कर पाए। इतनी संख्या में लोग डीके, आंबेडकर अस्पताल और एम्स में अपने अथवा रिश्तेदारों के इलाज के लिए मौजूद थे। शहर में रहने वाले मरीजों के अटेंडर किसी तरह का वक्त निकालकर मतदान केंद्रों तक पहुंच गए, मगर दूसरे जिलों अथवा दूरवर्ती इलाकों से आने वाले लोग लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने से वंचित रह गए।

### सुबह ठंडी हवा, दोपहर...

39 डिग्री से कम में सिमटकर रह गया। इस दौरान लोगों ने थोड़ी उमस भी महसूस की, इसके बाद शाम होते ही मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और छाए बादल लगभग दो घंटे तक बरसते रहे। इस दौरान कई इलाकों में तेज हवा का प्रभाव भी रहा।

### सिम्स के रीएजेंट से...

जांच के लिए किस तरह की व्यवस्था करेगा, इस पर मंथन किया जा रहा है, क्योंकि आचार संहिता जून के प्रथम सप्ताह के बाद शिथिल होगी। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की विभिन्न तरह की आवश्यक खून संबंधी जांच नहीं हो पा रही थी, जिसे लेकर काफी हल्ला मचने के बाद स्वास्थ्य विभाग के एसीएस ने रविवार को बैठक लेकर जांच किट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए दूसरे शासकीय मेडिकल कालेज से इंटर कालेज ट्रांसफर के तहत रीएजेंट मंगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद जेएन मेडिकल कालेज प्रबंधन ने बिलासपुर चिकित्सा महाविद्यालय से जरूरी रीएजेंट की मांग थी, जो उन्हें मिल गई है। सूत्रों के अनुसार जून तक का स्टाक सुरक्षित रखने के बाद सिम्स की ओर से 15 दिन का कोटा रायपुर मेडिकल कालेज को भेजा है। इसकी मदद से मरीजों की विभिन्न तरह की जांच की जा सकेगी। सूत्रों का कहना है कि पंद्रह दिन सुविधा मिलने के बाद आगे क्या होगा, इसके लिए कालेज प्रबंधन विचार मंथन में जुटा हुआ है। एसीएस मनोज पिंगुआ ने कालेज प्रबंधन को जरूरत को ध्यान में रखते हुए कोटेशन आधार पर खरीदी करने पर भी जोर दिया था। माना जा रहा है कि कालेज प्रबंधन इस प्रक्रिया को भी पूरा करने का प्रयास करेगा।


Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Eicher School Bus
ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
• RELIABLE AND STRONG • NEXT GEN FEATURES
• BENCHMARK OF SAFETY • COMFORT & CONVENIENCE
EICHER PARTNERING PROSPERITY
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR

Contact to Add Your School - 79871-19756





Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चाने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाईयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आचार संहिता के बाद होगी डीएमई की नियुक्ति

**रायपुर।** डॉ. विष्णु दत्त के सेवानिवृत होने के बाद रिक्त चिकित्सा शिक्षा संचालक के पद पर नई नियुक्ति आचार संहिता शिथिल होने के बाद किए जाने की संभावना है। वर्तमान में डीएमई का कामकाज प्रभारी के द्वारा चलाया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा संचालक के इस पद के लिए वरिष्ठता के आधार पर जगदलपुर के डीन डॉ. यूएस पैंकरा का नाम सबसे आगे हैं। वहीं अनुभव के आधार पर रायपुर मेडिकल कालेज के एक विभागाध्यक्ष की नाम चर्चा में हैं। इसके साथ ही अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलाई माह में कुछ शासकीय मेडिकल कालेज के डीन भी बदले जा सकते हैं।

### तीरंदाजी प्रशिक्षण का आयोजन

**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार एकलव्य खेलकुंद प्रकल्प के अंतर्गत वनवासी विकास समिति द्वारा 12 से 18 वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग 10 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का शुल्क मात्र 300 प्रति प्रतिभागी रखा गया है, इस प्रशिक्षण के माध्यम से तीरंदाजी के साथ साथ, जनजाति समाज के विभिन्न खेल, नैतिक, सामाजिक संस्कार /मूल्यों का ज्ञान एवं बौद्धि, शैक्षिक अभ्यास कराया जायेगा, उचित प्रशिक्षण और मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में लोग कर रहे हवाई सफर

**रायपुर।** छुट्टियों का समय होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग सैर-सपाटे में वक्त बिता रहे हैं। इसकी वजह से रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली उड़ानों में काफी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। विमानतल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह 47 हजार से अधिक यात्रियों ने आवाजाही की है। रायपुर से अभी 13 शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती है। यहां से नए शहरों और पुराने शहरों के लिए पुनः उड़ान संचालित किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

### दो ई-रिक्शा चोरी

**रायपुर।** काठाडीह स्थित शराब दुकान के सामने खड़ा एक ई-रिक्शा पार हो गया। प्रार्थिया सौम्या बाजपेयी ने चोरी की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है। घटना 4 मई को दोपहर डेढ़ बजे की है। चोरी ई-रिक्शा की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। एक अन्य घटना में आजाद चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत गरीब नवाब मोटर बाड़ी शॉप के पास जीई रोड से अज्ञात चोर ई-रिक्शा चोरी कर ले गया। घटना 6 मई को रात 11 बजे की है। चोरी हुए ई-रिक्शा की कीमत 85 हजार रुपए है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मो. तालिफ खान ने दर्ज कराई है।

### पानी के छींटे लगने पर विवाद, जानलेवा हमला

**रायपुर।** तालाब में नहाते समय पानी के छींटे लगने की बात पर एक व्यक्ति पर धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। आरंग पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध केस पंजीबद्ध किया है। घटना 6 मई की शाम 7 बजे ग्राम चरोदा स्थित पचरी तालाब की है। प्रार्थी बलीराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय तालाब में नहा रहा था।

# सुबह बिजली की खपत 45 सौ, दोपहर को पांच हजार, पीक ऑवर में साढ़े पांच हजार मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी भीषण तेवर दिखा रही है, पारा 42 से 43 डिग्री तक जा रही है, लेकिन जहां तक बिजली की खपत का सवाल है तो मई में बिजली की खपत के तेवर ज्यादा गर्म नहीं हैं। मार्च में ही बिजली की खपत 63 सौ मेगावाट के पार हो गई थी, लेकिन इस समय खपत पीक ऑवर में भी छह हजार मेगावाट तक भी नहीं पहुंच रही है। एसी और कूलर तो थोक में चल रहे हैं, लेकिन कृषि पंप 80 फीसदी बंद हो गए हैं, इसलिए खपत का ग्राफ भी नीचे आ गया है। इस समय स्थिति यह है कि सुबह के समय खपत 45 सौ मेगावाट, दोपहर में पांच हजार मेगावाट के आसपास और शाम को पीक ऑवर में खपत 55 सौ मेगावाट तक ही जा रही है। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को भी राहत है, क्योंकि कंपनी का उत्पादन बमुश्किल 25 सौ मेगावाट होता है, बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ती है। आने वाले समय में खपत और कम होगी, जब पूरे कृषि पंप बंद हो जाएंगे। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब बिजली की खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च के माह में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता है। उमस के कारण भी खपत बढ़ जाती है। पिछले साल तो बारिश के मौसम में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी।

## कृषि पंपों का लोड कम होने से राहत, अब छह हजार मेगावाट तक नहीं जा रही है खपत

### मार्च में सबसे ज्यादा खपत

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत के 63 सौ मेगावाट के पार हो गई।



### मई में राहत

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाए, इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रह था कि इस बार खतप 65 सौ मेगावाट के पार चली जाएगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली की मांग की थी, लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और अब मई के पहले सप्ताह में 80 फीसदी तक कृषि पंप हो गए हैं। ऐसे में खपत अब छह हजार मेगावाट तक भी नहीं जा रही है।

## स्पेशल ट्रेनों में किराया अधिक देकर कर यात्री लेटलतीफी से हो रहे परेशान

# 58 स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं यात्रियों को पानी और नाश्ता भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों को ट्रेन में भीड़ का सामना न करना पड़े इसलिए रेलवे ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के लिए 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी है, लेकिन अब यही ट्रेन यात्रियों की परेशानी बन चुकी है। इन ट्रेनों के नाम के आगे सिर्फ स्पेशल शब्द जुड़ा है, ट्रेन को जरा भी तवज्जो नहीं दी जा रही है। इन स्पेशल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अधिक किराया देकर भी ट्रेन की लेटलतीफी से खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। घंटों विलंब से चल रही स्पेशल ट्रेनों से यात्री परेशान हैं। इतना ही नहीं इन ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा भी नहीं है। ई-कैटरिंग की सुविधा भी चुनिंदा स्टेशनों में मिल रही है। इस वजह से जहां-तहां ट्रेन को रोक देने से यात्रियों को भोजन और पानी की भी दिक्कत हो जाती है। नियमित ट्रेनों के मुकाबले स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों से भाड़ा अधिक लिया जा रहा है, लेकिन सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। नियमित ट्रेनें में भी कहीं गंदगी फैली पड़ी है, तो किसी कोच में पानी नहीं है, तो कहीं एसी नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्री इसकी शिकायत एक्स के माध्यम से रेलवे से कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों के लिए रेलवे ने दी है 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा




### पेंट्रीकार ने बढ़ाई यात्रियों की समस्या

लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार नहीं होने से यात्रियों को भूखे पेट ही सफर करना पड़ रहा है। ट्रेन के विलंब होने से समस्या और बढ़ गई है। ई-कैटरिंग के जरिए कहीं भी तत्काल खाना नहीं मिल पाता है। स्पेशल ट्रेनों में ना ही पानी, चाय, कॉफी की व्यवस्था है और ना ही खाने को कुछ मिल रहा है। अगर यात्री घर खाना लेकर नहीं चल रहे हैं, तो उन्हें भूखे पेट ही सफर करना होगा। स्पेशल के नाम पर यात्रियों को कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा रही है।

### 14 घंटे लेट चली निजामुद्दीन समर स्पेशल

जोन से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। निजामुद्दीन समर स्पेशल 14, आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची। आजाद हिंद एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस की चाल महीनों से बिगड़ी हुई है। पंजाब के किसान आंदोलन की वजह से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पिछले चार दिन से प्रभावित चल रही है। रविवार को भी अमृतसर से आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची।

### आजाद हिंद व उत्कल एक्स की बिगड़ी चाल

पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस और पुरी- ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस की चाल महीनों से बिगड़ी हुई है, पिछले तीन महीनों में यह ट्रेन दो या चार दिन ही समय पर पहुंच कर आगे रवाना हुई लेकिन अपने स्थान से छूटने से लेकर गंतव्य तक पहुंचने में लेटलतीफी के लिए इन ट्रेनों ने नया रिकॉर्ड बना लिया है।

### नहीं सुधर रहा ट्रेनों का समय

बिलासपुर जोन से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस चार दिन से समय पर नहीं चल रही है। पंजाब में हुए किसान आंदोलन की वजह से 15 घंटे विलंब हुई एक ट्रेन शेड्यूल अभी तक नहीं सुधर पाया है। तीन दिन पहले जो ट्रेन यहां से 10 घंटे विलंब से रवाना हुई थी वही ट्रेन रविवार को दोपहर 12 बजे आने की बजाय 10 घंटे विलंब से रात 10 बजे बिलासपुर पहुंची। शनिवार को पहुंचने वाली हावड़ा से पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंचकर आगे रवाना हुए। पुरी-निजामुद्दीन समर स्पेशल ट्रेन 14 घंटे, सूरत से मालदा टाउन जाने वाली मालदा एक्सप्रेस 14 घंटे, पुरी से ऋषिकेश जाने वाली कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 8 घंटे और पुणे हटिया एक्सप्रेस 3 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंचकर गंतव्य को रवाना हुई। इसके अलावा और भी ट्रेनें हैं जो 2 घंटे तक विलंब से चलीं।

# शराब दुकानों में ब्रांड का टोटा नहीं मिल रही पसंद की मदिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के शराब दुकानों में लोगों को पिछले कुछ दिनों से मीडियम रेंज की शराब नहीं मिल रही है। आगामी महीने में नई प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा शराब की बिक्री की जाएगी। इसके चलते पुरानी प्लेसमेंट एजेंसी शराब आपूर्ति करने पर ध्यान नहीं दे रही है।

■ दुकानों में मीडियम रेंज की शराब की किल्लत

शराब दुकान के सेल्समैन ने बताया कि दुकानों में ज्यादातर चर्चित ब्रांड की शराब की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके चलते ग्राहकों में गुस्से के साथ निराशा के भाव हैं। कुछ दुकानों में ही मीडियम रेंज की शराब की सही तरीके से आपूर्ति हो रही है। गौरतलब है कि अंग्रेजी शराब दुकान के साथ प्रीमियम शॉप में भी लोगों को उनक मनपसंद ब्रांड की शराब नहीं मिल पा रही है।

### इन ब्रांड का टोटा

राजधानी की अधिकांश शराब दुकानों से सभी ब्रांड की रम पूरी तरह से गायब हो गई हैं। साथ ही मीडियम रेंज की शराब में आरसी, आरएस, ब्लेंडर स्प्राइड, सिग्नेचर, एंटीक्विटी के साथ ही वोदका में जो कम प्रचलन में है, उस तरह की शराब मिल रही हैं। इसी तरह से बीयर में बटवाइजर, मैग्नम, हैवर्ड फाइव थाउजेंड, एनिकेन, काशबर्ग ब्रांड की बीयर ग्राहकों को नहीं मिल पा रही है। ज्यादातर शराब दुकानों में बीयर के नाम पर केवल सिंबा ही उपलब्ध है। शराब की अनुप्लब्धता को लेकर अफसरों से संपर्क करने पर अफसरों ने किसी भी तरह से संतोषजनक जवाब नहीं दिया। साथ ही व्यवस्था में जल्द सुधार होने का दावा किया।

### चुनाव की वजह से व्यवस्था चरमराई

शराब दुकान के कर्मी के मुताबिक ज्यादातर अफसर इन दिनों चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, इस वजह से भी शराब की सही ढंग से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस वजह से लोगों को उनकी मनपसंद ब्रांड के शराब नहीं मिल पा रही है। दुकान कर्मी के मुताबिक चुनाव संपन्न होने के बाद व्यवस्था में सुधार हो सकता है और लोगों को उनकी मनपसंद ब्रांड की शराब सही तरीके से मिल सकती है।

## आंबेडकर अस्पताल में दो दर्जन स्थानों पर लगी है ठंडा पानी की मशीन

# गर्मी बढ़ी तो कम पड़ने लगे वाटर कूलर मरीजों के हिस्से में आ रहा गर्म पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तापमान का पारा चढ़ने के बाद तेरह सौ बेड वाले आंबेडकर अस्पताल के मरीज एवं कर्मचारियों की प्यास बुझाने के लिए दो दर्जन वाटर कूलर कम पड़ने लगे हैं। लगातार उपयोग की वजह से मरीजों के हिस्से में गर्म पानी आ रहा है। यहां उतनी ही संख्या में ठंडे पानी की नई मशीन लगाने की योजना थी, जो भरी गर्मी में पूरी नहीं हो पाई है।

सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में सुबह के वक्त ओपीडी, भर्ती मरीज, चिकित्सकीय सहित स्टाफ मिलाकर करीब तीन हजार लोग मौजूद रहते हैं। इसमें डाक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों को छोड़ दिया जाए तो करीब ढाई हजार लोगों की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी वहां 25 स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलरों पर होती है। आसानी से उपलब्ध स्थलों का चयन कर वहां वाटर कूलर लगाए गए हैं, जहां से मरीज और अन्य लोग आवश्यकता के मुताबिक पानी ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से गर्मी बढ़ने की वजह से लगाए गए वाटर कूलर कम पड़ने लगे हैं और लगातार उपयोग की वजह से उसमें पानी ठंडा नहीं हो पा रहा है और मरीजों को गर्म पानी का उपयोग करना पड़ रहा है।




दोपहर बाद और रात में आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है, मगर तकलीफ ओपीडी के वक्त होती है, जब यहां लोगों की सबसे अधिक भीड़ होती है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा गर्मी को देखते हुए वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने के लिए खरीदी की योजना बनाई गई थी, मगर तेज गर्मी के दौरान यह काम पूरा नहीं हो पाया था।

### इमरजेंसी गेट पर योजना अधूरी

अस्पताल के इमरजेंसी गेट की तरफ आने वाले मरीजों तथा अन्य लोगों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मुख्य गेट के बाहर एक वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव दिया गया था मगर काम अधूरा पड़ा है। इस ओर आने वाले मरीजों को ओपीडी पंजीयन क्षेत्र अथवा प्रथम तल में जाकर पानी का इंतजाम करना पड़ता है।

### तीन माह पहले टंकी की सफाई

अस्पताल के मरीजों और चिकित्सकीय स्टाफ जिस वाटर कूलर का पानी पीते हैं, उसकी सप्लाई भवन के ऊपर बनी टंकियों के माध्यम से की जाती है। गर्मी की शुरुआत होने से पहले फरवरी के अंतिम दिनों पर टंकियों की सफाई की गई थी, मगर इसमें नियमितता नहीं होती। टंकी से पानी वाटर कूलर तक पहुंचने से पहले फिल्टर किया जाता है, जिसके लिए मशीन लगाई गई है।

## नीबू पानी के बहाने आंगन बाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से भाजपा का प्रचार कराने का आरोप

# पुरानी बस्ती सरस्वती स्कूल मतदान केंद्र के सामने धरने पर बैठे विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदान केंद्रों के बाहर नीबू शरबत बांटने के बहाने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने आंगन बाड़ी और स्वास्थ कार्यकर्ताओं से भाजपा का प्रचार के विरोध में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय सरस्वती स्कूल के सामने धरने पर बैठे। उन्होंने मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर ने ऐसा करने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब धरना समाप्त किया।

■ मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा

रायपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने मंगलवार को जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, मतदान के दो दिन पूर्व रायपुर कलेक्टर ने पोलिंग बूथों में तंबू लगाकर नीबू पानी और शरबत पिलाने का आदेश जारी किया, जो विभिन्न समाजिक संस्थाओं और एनजीओ के माध्यम से होना था। कुछ संस्थाओं द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि शरबत और नीबू पानी पिलाने के बहाने भाजपा और जिला प्रशासन ने मतदाताओं को भाजपा के एजेंट के माध्यम से भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करने की आशंका थी। उन्होंने कहा मैंने दो दिन पूर्व ही रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को आगाह किया था। मंगलवार सुबह से ऐसी जानकारी लगी कि भाजपा के एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर उन स्टालों में जहां शरबत और नीबू पानी बांटा जा रहा है, वहां भाजपा का गमझा और अन्य प्रचार सामग्री लेकर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं।



### चुनाव आयोग के निर्देश की अवहेलना

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग के जारी निर्देश के अनुसार किसी भी राजनीति पार्टी का व्यक्ति पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर के दूर ही रहेगा। यहां पर पोलिंग स्टेशन के इतने नजदीक प्रशासन की नाक के नीचे ऐसा कृत्य हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के बूथ एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर नरेंद्र मोदी की फ्रोटो लगी वाली डायरी और पेन का इस्तेमाल कर रहे हैं और प्रशासन मौन है। क्या यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है।

### कलेक्टर के आश्वासन पर धरना समाप्त

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, महेंद्र छाबड़ा, विनोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल सहित कई पार्षद और नेता कार्यकर्ता साथियों के साथ पुरानी बस्ती के पोलिंग बूथ के बाहर चक्का जाम कर धरना दिया, बाद में कलेक्टर रायपुर के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

टैक्सी चाहिए
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु मारूति इको, टाटा मैजिक, बोलेरो, डी आई टैक्सी की आवश्यकता है।
रायपुर से सरायपाली
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# गायत्री परिवार की हुई बैठक शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक विगत दिनों हुई। बैठक में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपजोन जिला जोन और शक्तिपीठ के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ में रथ के संचालन और अखंड ज्योति को लेकर पूरे प्रदेश में भ्रमण करने के विषय पर चर्चा हुई, जिला स्तर पर अखंड ज्योति को भ्रमण करने और ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड ज्योति को गांव-गांव तक ले जाने गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई।



## बिजनेस साइट सिटी

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में छात्रों के लिए टोयोटा ट्रेनिंग एजुकेशनल प्रोग्राम



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में आईटीआई और इंजीनियरिंग (डिप्लोमा) के शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के कुल 18 छात्रों ने सामान्य तकनीकी श्रेणी में टोयोटा ट्रेनिंग एजुकेशनल प्रोग्राम (टी-टीईपी) को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिसमें छात्रों ने टी-टीईपी के तहत डीजल इंजन और पेट्रोल इंजन के व्यावहारिक ज्ञान को समझा और परखा। सर्विस कायजन टोयोटा रायपुर के डीजीएम सुशांत डे और यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने छात्रों को 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्प्लिशमेंट' प्रदान किया। आईटीआई से जीतेंद्र, ताकेश कुमार, देवेश टंडन, कुलेश्वर प्रसाद, मुकजुल वर्मा, योगेश वर्मा, युवराज वर्मा, अभिषेक वर्मा, उदय कुमार, चंदन वर्मा, चेतन पैनादरिया, चंदन साहू, तुषार यादव और इंजीनियरिंग (डिप्लोमा) से आकाश चक्रवर्ती, गिरिराज किशोर, देवव्रत साहू, लोमेन्द्र सिवाने, विवेकानन्द साहू ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 8 मई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



### छग में तीसरे और अंतिम चरण के मतदान का समापन, जोश के साथ पहुंचे वोट डालने

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए जन के मन का समर्पण

**रायपुर।** प्रदेश के अन्य जिलों के साथ राजधानी में भी लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बने मतदान केंद्रों से लेकर शहर के भीतर केंद्रों में भी रोचक नजारे देखने को मिले। मतदान केंद्र को आकर्षक बनाने के लिए सेल्फी प्वॉइंट तैयार किया गया, जिसमें वोटर्स सेल्फी लेते नजर आए। तापमान अधिक होने के चलते सभी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था की गई थी। युवा जहां पहली बार वोट डालने पहुंचे रहे तो वहीं बुजुर्ग भी अपने मत का प्रयोग करने पहुंचे। कोई जरूरी काम छोड़कर पहुंचा तो कई परिवार सुबह होते ही सीधे मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए।





## दिखे रोचक नजारे



नूतन स्कूल, टिकरापारा



लालपुर शासकीय विद्यालय में एक बुजुर्ग ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर मतदान करने पहुंचे।

नेत्रों से दिव्यांग मंजु दुबे ने भाठागांव शासकीय विद्यालय में मतदान का प्रयोग किया।





काठाडीह शासकीय विद्यालय

## शादी की पहली सालगिरह घूमने की जगह मतदान करने पहुंचा जोड़ा



31 वर्षीय पिंटू यादव और 27 वर्षीय कमला की मंगलवार को शादी की पहली सालगिरह थी। कहीं घूमने जाने के स्थान पर उन्होंने मतदान करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, घूमने के लिए बाद में भी जा सकते हैं, लेकिन मतदान का मौका रोज नहीं मिलता है।

## चार पीढ़ी पहुंची एक साथ



उत्तर विधानसभा के बीपी पुजारी स्कूल में जैन परिवार की एक साथ चार पीढ़ी मतदान करने पहुंची। उन्होंने सुबह उठते जलपान करने के बजाय सहपरिवार वोट करना उचित समझा। परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य 84 वर्षीय बाबूलाल जैन के नेतृत्व में पूरे परिवार ने वोट दिया। उनकी पत्नी गेंदादेवी (82), विजय (64), साधना (60), राकेश (59), अतुल (58), सरिता (57), राजेश (55), वर्षा (54), मनीष (54), मंजू (50), रूपेश (50), प्रीती (48), दीपा (43), अरिहंत (34), स्नेहा (30), अनंत (30), नमन (29), अदिति (26), सजल (26), उज्ज्वल (24), राशि (23), अक्षय व तनय (18) शामिल रहे।


## शहीद के पिता ने पूरी की जिम्मेदारी

शहीद राजीव पांडे के पिता कर्नल आरपी पांडे ने अपने धर्मपत्नी के साथ पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 86 वर्ष में भी लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का जज्बा उनमें दिखा। व्हील चेयर पर बैठकर वे मतदान करने पहुंचे, जहां जवानों ने उनका सहयोग किया।



## 1965 से डाल रहे वोट, 82 की उम्र में भी उत्साह

शेख जुम्मा ने बताया, साल 1965 में लगभग 20 साल की उम्र में वोट करने की शुरुआत की। पहले सेल्फी पॉइंट नहीं होते थे, लेकिन अब कुछ साल पहले से लोगों के लिए सेल्फी पॉइंट बनाया गया। यह मेरे लिए आकर्षण का केंद्र है, जिसमें मैं फोटो खिंचाना पसंद करता हूं। नाती शेख अस्फाक ने बताया, मैं अपने दादा को मतदान के लिए लाया हूं। बुजुर्ग होने के कारण उन्हें सहारे की जरुरत होती है।



## परिजन संग पहुंचे मतदाता



भरत रजक ने बताया, मैं अपनी पत्नी शशि, मां निर्मला, भाई अभिनव, चाची गौरीबाई संग मतदान करने आया हूं। वर्तमान में शहर के विभिन्न वर्ग के लोग मतदान के लिए जागरुक होते दिख रहे हैं।

## पहले मत की खुशी





टिकरापारा स्थित मतदान केंद्र में वोट करने पहुंचे अंशुमन ने बताया, घंटों इंतजार के बाद मतदान करने का अवसर मिला। वहीं परिजनों संग दुर्गा कॉलेज परिसर में पहली बार मतदान के लिए पहुंची अनमोल ने बताया, अपने मनपसंद प्रत्याशी को अपना वोट देने की अलग ही खुशी रही।

## परिवारजनों की मदद से पहुंचीं 98 वर्षीय आमना



98 वर्षीय आमना बी व्हीलचेयर पर बैठकर मतदान करने पहुंची। दुर्गा कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र में परिवार जनों के सहयोग से पहुंचकर मतदान किया।

## सास-बहू की जोड़ी



रमतिनबाई यादव ने बताया, मेरी उम्र 55 वर्ष है। तीसरे चरण के चुनाव के दौरान मैं अपनी बड़ी सास मालती यादव के साथ केंद्र पहुंची। हमारा एक-एक वोट प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए जरुरी होता है। मतदान के लिए हमने अपने काम से एक दिन की छुट्टी ली है।

## छत्तीसगढ़िया वेशभूषा में मतदान



युवाओं ने अपने अंदाज में मतदान के महापर्व में हिस्सा लिया। लाखे नगर स्थित मतदान केंद्र में शुभा मिश्रा छत्तीसगढ़ी परिधान में पहुंची। उन्होंने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति को बढ़ावा देने की अपील की। मैंने हमेशा इस दिन को पर्व ही समझा है।

## मां, बेटी और नातिन



समता कॉलोनी के नायडू परिवार की मां, बेटी और नातिन ने पहली बार एक साथ मायाराम सुरजन स्कूल में मतदान किया। भाग्यवती नायडू ने बताया, जब 20 साल की उम्र में मैंने पहली बार मतदान किया था, उस समय हमारा पूरा परिवार एक साथ मतदान करने गया था। मेरे बच्चों में भी पहली बार मतदान करने को लेकर उत्साह रहा। घर के काम खत्म करने के बाद बूथ की ओर रवाना हुए।

## पोते की मदद से पहुंची 108 वर्षीय सावित्री

सड्डू निवासी 108 साल की सावित्री बाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला। उन्होंने कहा कि पिछली बार लोकसभा चुनाव में चलकर मतदान केंद्र पहुंची थी। इस बार चलने में असमर्थ हूं, लेकिन मैंने कल ही घरवालों कह दिया था कि मुझे मतदान करना है। सुबह पोते की मदद से मतदान पहुंची। राजीव गांधी के समय से लोकसभा चुनाव में मतदान कर रही हूं।



## दोस्तों का साथ



शहर के आयुष मुरारका अपने परिवारजन के साथ-साथ दोस्तों को भी मतदान केंद्र लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा, पूरे दिन मतदान के लिए लोगों की मदद में लगा रहा। कुछ दोस्तों को घर से लेकर मतदान केंद्र पहुंचा तो कुछ ऐसी भी लोग जो चलने में असमर्थ थे उन्हें मतदान केंद्र पहुंचाया। दर्जनभर से अधिक बूथ में जाकर 40 से अधिक लोगों की मदद करने का मौका मिला।

## वृद्धाश्रम के बुजुर्ग पहुंचे समूह में



श्याम नगर रायपुर स्थित आश्रय लायन्स वृद्धाश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों में मतदान के लिए विशेष उत्साह देखा गया। सुबह 9 बजे नाश्ते के पहले ही सभी ने अपने मतदान का प्रयोग किया। वृद्धाश्रम के चेयरमैन लायन डॉ. अरविंद नेरल के बताया, 80 वर्ष से अधिक उम्र के चार बुजुर्ग सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान किया।

## शहर में 620 तृतीय लिंग मतदाता 'अपने पहचान' की खुशी



इस महापर्व में एक खूबसूरत तस्वीर निकलकर सामने आई, जहां थर्ड जेंडर कम्युनिटी के लोगों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया, सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 620 तृतीय लिंग मतदाता रायपुर में निवास करते हैं। मतदान की खुशी उनके चेहरे पर देखी गई। उन्होंने कहा, पहचान के साथ मतदान करने का अधिकार मिलना सबसे खास पल था।



## *परपोती संग पहुंची दादी*

*परपोती तान्या चंद्रा अपनी परदादी शांतिबाई का हाथ पकड़कर शंकर नगर स्थित मतदान केंद्र पहुंची और अपना वोट डाला। तान्या के साथ उनकी दादी शिव कुमारी और मां लक्ष्मीबाई भी मौजूद थी। दादी शिव कुमारी ने बताया, चुनाव को लेकर घर में पर्व की तरह खुशियां रही। लोगों को जागरूक करने हमने एक साथ घर से निकलने का मन बनाया।*

## आमजन से लेकर खास तक




मतदान केंद्र दतरेंगा

माकपा नेता धर्मराज महापात्र अपनी पत्नी सुनीता व युवाओं संग मतदान करने पहुंचे।





भाठागांव शासकीय विद्यालय



मां के साथ मतदान करने पहुंचे कांग्रेस नेता विनोद तिवारी



टावरी परिवार ने दिया मतदान का संदेश



शिक्षाविद मुकेश गुप्ता ने भी किया मतदान



चिकित्सक डॉ. सिंघानिया दंपत्ति

## कैंपस लाइव

## बच्चों को विश्वविद्यालय दे रहा फिटनेस टिप्स, ताकी रहें फिट



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा इस बार गर्मियों की छुट्टियों में नए तरह का प्रयोग किया जा रहा है। विवि प्रबंधन ने नवाचार के साथ 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ अपने स्थापना दिवस में किया गया था। इसमें हिस्सा लेने वाले अधिकतर छोटे बच्चे हैं।

400 से अधिक छात्र इसमें शामिल हो रहे हैं। रविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों तथा अन्य विशेषज्ञों द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 15 मई तक यह प्रशिक्षण चलेगा। रविवि अध्ययनशाला में ही ये प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे हैं।

### नए टेनिस कोर्ट का भी मिल रहा लाभ

शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला के प्रांगण में नवनिर्मित लॉन टेनिस कोर्ट का शुभारंभ भी गत दिनों किया गया है। छुट्टियों में बच्चों को यहां भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल की बारीकियां समझने के साथ ही छात्रों को यहां पर नियमित रूप से शारीरिक अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें इसके आसान तरीके भी बताए जा रहे हैं। बच्चों संग महिलाएं भी इस समर कैंप में शामिल हो रही हैं। वे खासतौर पर योग में दिलचस्पी दिखा रही हैं।

## सिटी लाइव

## खुद को बुराइयों से मुक्त करना ही असल व्यक्तित्व विकास



**रायपुर।** ब्रह्माकुमारी सविता दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर बच्चों को जानकारी दी जा रही है। जीवन में नैतिकता के महत्व विषय पर चर्चा करते हुए बच्चों को आदर्श व्यक्ति बनने प्रेरित किया गया।

ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने अपने संबोधन में कहा, प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण, व्यवहार और सोच को सकारात्मक बनाकर बुरी आदत से खुद को मुक्त करना चाहिए। यह ही सच्चे अर्थ में व्यक्तित्व का विकास करना होता है। हमारे शारीरिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास के लिए राजयोग की साधना बहुत ही उपयोगी है।

### बच्चों को रोजाना डायरी लिखने की सलाह

जीवन में सम्मान व बड़ो के बातों का आज्ञा का पालन करना जरुरी है। व्यक्ति को जीवन में सफल होने के लिए अपना लक्ष्य अवश्य बनाना चाहिए, लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढ़ने का मार्ग सुनिश्चित हो जाता है। इससे मन भटकने की अपेक्षा शांत चित्त होकर एक ही दिशा में लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार करता है। जीवन में लक्ष्य नहीं बनाया तो उम्र में बड़े तो हो जाएंगे, लेकिन सफल व्यक्ति नहीं बन पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को व्यक्तिगत डायरी रखने का सुझाव दिया गया, जिसका उपयोग रोजाना अपने मन की बात लिखने के लिए करने को कहा गया।

## सोशल इवेंट

## जैन मंदिर में कार्यकारिणी के लिए होंगे चुनाव, 12 को वोटिंग



**रायपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में 2024 की कार्यकारिणी गठन के लिए चुनाव 12 मई को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक रखा गया है। जिसमें समाज के सदस्य कार्यकारिणी कमेटी के अध्यक्ष के साथ विभिन्न पदों का चुनाव वोट के माध्यम से करेंगे। प्रबंधन द्वारा दिगंबर जैन समाज जन को एक जुट होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है, जिससे योग्य, अनुभवी, देव-शास्त्र-गुरु के प्रति समर्पित व्यक्ति समाज का नेतृत्व कर सके। इस चुनाव में महावीर ज्ञान विद्यासंघ की ओर से अध्यक्ष पद के लिए संजय नायक जैन, सचिव पद के लिए श्रेयश जैन बालू, कोषाध्यक्ष पद के लिए आनंद जैन, सहसचिव पद के लिए प्रणीत जैन ने नामांकन भरा है।

### महापूजा पश्चात अर्पित किए निर्वाण लाडू

**रायपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का मोक्ष कल्याणक मंगलवार को मनाया। इस अवसर पर समाजजन ने भगवान नमीनाथ की महापूजा कर निर्वाण लाडू अर्पित किए। दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट कार्यकारिणी के संजय जैन ने बताया, भगवान की बेदी के समक्ष सुबह 8.30 बजे मंगलाअष्टक पढ़कर पूजा की शुरुआत की गई। धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा श्री जी को पांडुशिला पर विराजमान किया गया। सभी उपस्थित समाजजन ने रजत कलशों से प्रासुक जल से अभिषेक किया। साथ ही सुख-शांति प्रदाता लघु शांतिधारा की गई। तत्पश्चात भगवान की आरती पश्चात निर्वाण कांड पढ़कर निर्माण लाडू चढ़ाया गया।

---

22 मई को संध्या 6 बजकर 47 मिनट पर शुरू होग पूर्णिमा, उदया तिथि के आधार पर बौद्ध पूर्णिमा 23 को

# परिघ, शिव और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनेगी बुद्ध पूर्णिमा भद्रा स्वर्ग लोक की, इसलिए धरती पर नहीं रहेगी मान्य

बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाते हैं। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख पूर्णिमा का व्रत और स्नान-दान भी होता है। इस दिन का महत्व हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मों के लिए बहुत ही बड़ा है।



### ये हैं शुभ मुहूर्त

**स्नान-दान**
सुबह 04.04 से सुबह 05.26 तक
**पूजा का समय**
सुबह 10.35 से दोपहर 12.18 तक
चंद्रोदय समय - रात 07.12 बजे

**रायपुर।** इस साल की बुद्ध पूर्णिमा के दिन 3 शुभ योग तो बन रहे हैं, लेकिन उस दिन स्वर्ग की भद्रा भी है। भद्रा का जहां कोई प्रभाव नहीं होता तो वहीं इन तीन शुभ योग में स्नान-दान का महत्व दोगुना हो जाएगा।

बुद्ध पूर्णिमा के दिन परिघ योग, शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। इस दिन भद्रा सुबह 5:26 से 7:09 तक है, लेकिन इसका वास स्वर्ग में है, इसलिए कोई दुष्प्रभाव धरती पर नहीं होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 22 मई को शाम 6 बजकर 47 मिनट पर शुरू होगी और यह तिथि 23 मई गुरुवार के दिन शाम को 7 बजकर 22 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर वैशाख पूर्णिमा 23 मई को है, इसलिए बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व 23 मई को मनाया जाएगा।

### सर्वार्थ सिद्धि, शोभन और सौभाग्य योग में वैशाख अमावस्या आज

इस बार वैशाख अमावस्या 8 मई को है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, इस बार की अमावस्या पर कई शुभ संयोग बनने जा रहे हैं। इस दिन खासकर शनि दोष, कालसर्प दोष और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। इस बार अमावस्या पर तीन शुभ योग का सहयोग बना रहा है। इससे इस दिन का दो गुना महत्व मिलेगा। पंचांग के अनुसार, इस बार वैशाख माह की अमावस्या तिथि 7 मई को सुबह 11:45 मिनट से आरंभ होकर अगले दिन 8 मई बुधवार को प्रातः 8:40 मिनट पर समाप्त होगी। दिन की शुरुआत उदया तिथि के अनुसार मानी जाती है, इसलिए वैशाख की अमावस्या 8 मई को मानी जाएगी।

### गौतम बुद्ध की 2586वीं जयंती

बैद्ध धर्म के संस्थापक भगवान बुद्ध का जन्म वैशाख पूर्णिमा तिथि को लुंबिनी में हुआ था। वैशाख पूर्णिमा पर ही कुशीनगर उनका देहांत हुआ था। बोधगया में वैशाख पूर्णिमा के दिन उनको ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह तिथि भगवान बुद्ध के जीवन, मरण और ज्ञान प्राप्ति से जुड़ी है। इस वजह से हर साल वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा मनाते हैं। इस साल बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध की 2586वीं जयंती है।

### पूरी रात रहेगा शोभन योग

इस बार की अमावस्या पर 3 शुभ योग बनने जा रहे हैं। अमावस्या पर इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग और सौभाग्य योग का सहयोग बना रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग दोपहर 01:35 से शुरू होगा और अगले दिन 9 मई की सुबह 05:30 पर समाप्त हो जाएगा। सौभाग्य योग 7 मई को रात 9:00 बजे से शुरू हो गया है। यह 8 मई की शाम 5:40 पर समाप्त होगा। इसके बाद शोभन योग की शुरुआत होगी। यह योग पूरी रात रहेगा। यह योग उदया तिथि के अनुसार सुबह सूर्य उदय के समय समाप्त होगा।

### दक्षिण भारत में मनाई जाएगी शनि जयंती

दक्षिण भारत में वैशाख अमावस्या पर शनि जयंती भी मनाई जाती है, इसलिए वैशाख अमावस्या के दिन शनि देव पर तिल, तेल नीला अकाओं का फूल अर्पित करने से और शनि चालीसा का पाठ करने से शनि देव की साढ़ेसाती और ढैय्या जैसे तमाम दोषों का असर कम होता है। इसके साथ ही शनि देव का दुष्प्रभाव कम होता है और शुभ परिणाम मिलने लगता है। इसी प्रकार पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए इस दिन श्रीमद् भागवत कथा सुने या घर में गीता का पाठ करें। साथ ही किसी जरूरतमंदों को उनकी जरूरत का सामान दें। भूखे को खाना खिलाएं। ऐसा करने से पितृ दोष दूर होता है और घर में सुख-शांति का माहौल बनता है।

---

3.43 लाख से अधिक छात्रों ने लिया था हिस्सा

## सीआईएससीई ने डिजिलॉकर में अपलोड किए नतीजे, प्रमाणपत्र संग मार्कशीट भी

**रायपुर।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) में इस वर्ष कुल 3.43 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने परीक्षाओं में भाग लिया था। इसमें से आईसीएसई का रिजल्ट 99.47 फीसदी रहा। आईएससी परीक्षाओं में 98.19% छात्र छात्राओं में सफलता प्राप्त की है। ये सभी स्टूडेंट्स आसानी से डिजीलॉकर के माध्यम से रियल टाइम में प्रमाणपत्र और मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं। इस वर्ष 2,43,617 स्टूडेंट्स ने आईसीएसई के लिए परीक्षा दी थी जबकि 99,901 ने आईएससी परीक्षाओं में भाग लिया था। इन सभी स्टूडेंट्स को डिजिलॉकर के माध्यम से रियल टाइम में प्रमाणपत्र और मार्कशीट उपलब्ध कराई गई है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा भी इस सप्ताह दसवीं-बारहवीं के परिणाम जारी किए जाने की तैयारी है। दोनों ही कक्षाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। मंडल द्वारा लोकसभा चुनाव मतदान पूर्ण होने के बाद परिणाम जारी किए जाने की तैयारी थी। मंगलवार को मतदान के बाद अब दोनों कक्षाओं के परिणाम एक साथ जारी होंगे।

### लड़कियां रहीं आगे

इस वर्ष आईसीएसई में लड़कियों का पास प्रतिशत 99.65 फीसदी तो लड़कों का पास प्रतिशत 99.31 फीसदी दर्ज किया गया है। इसके अलावा आईएससी परीक्षाओं में 98.19% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें से 98.92 प्रतिशत लड़कियों ने वहीं 97.53 फीसदी लड़कों ने सफलता प्राप्त की है। दोनों ही कक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। डिजिलॉकर के अलावा सीआईएससीई वेबसाइट में भी परिणाम उपलब्ध हैं।

---

इस माह आएंगे सीबीएसई 10वीं-12वीं के परिणाम

## 'परिणाम मंजुषा' से डाउनलोड होंगे रिजल्ट, 6 डिजिट का कोड रिलीज

**रायपुर।** सीबीएसई ने डिजिलॉकर एकाउंट्स को एक्सेस करने के लिए कोड एक्टिवेट कर दिया है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अब नतीजे जल्द ही रिलीज होंगे। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन जल्द ही 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी कर सकता है। बोर्ड ने डिजिलॉकर एकाउंट्स को एक्सेस करने के लिए 6 डिजिट का कोड रिलीज कर दिया है। बोर्ड ने ये एक्सेस कोर्ड स्कूलों को दे दिया है। इसके सफलतापूर्वक एक्टिव होने के बाद स्टूडेंट्स डिजिलॉकर एकाउंट्स के 'इश्यूड डॉक्यूमेंट्स' सेक्शन से अपने डिजिटल एकेडमिक सर्टिफिकेट्स और दूसरे डॉक्यूमेंट्स डाउनलोड कर सकते हैं।



### बीते दो सालों से व्यवस्था

गौरतलब है कि पिछले दो साल से सीबीएसई बोर्ड दसवीं और बारहवीं के छात्रों के लिए एडवांस में डिजिलॉकल एकाउंट बनाता है। इससे रिजल्ट आने के बाद कैंडिडेट्स को जल्दी से जल्दी अपने सर्टिफिकेट मिल जाते हैं। डिजिलॉकर के 'परिणाम मंजुषा' से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। डॉक्यूमेंट्स की सिक्योरिटी के लिए उन्हें एक सीक्रेट एक्सेस कोड दिया जाता है, जिसकी मदद से वे अपने सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं.सीधी तौर पर कहा जाए तो बोर्ड द्वारा ये एक्सेस कोड स्कूलों को दिया जाता है। इसे वे स्टूडेंट्स को देते हैं और हर स्टूडेंट अपने कोड की मदद से डिजिटली सर्टिफिकेट डाउनलोड करता है।

---

## नोट्स बनाकर सालभर की पढ़ाई हर दिन 4 घंटे पढ़ने का बनाया लक्ष्य



**रायपुर।** आईसीएसई बोर्ड ने 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम सोमवार को जारी कर दिए है। इसमें राजधानी के कई स्टूडेंट्स को 90 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल करने में सफलता मिली है। 12वीं में राजकुमार कॉलेज की साक्षी सिरमौर ने 97.50 फीसदी अंक हासिल किए। हरिभूमि ने बातचीत में साक्षी ने बताया कि 12वीं में आट्‌र्स स्ट्रीम में टॉप किया है। घर से ज्यादा स्कूल में ज्यादा पढ़ाई करती थी। 12वीं की पढ़ाई जब शुरू हुई, उस समय ही तय कर लिया था कि एग्जाम में 98 या 99 अंक लाना है। साक्षी ने बताया, एग्जाम दो विषयों में 100 अंक मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा केवल पॉलिटिकल साइंस में हो पाया। इतिहास में 99 अंक मिले बस एक नंबर से चूक गई। रोजाना 4 घंटे पढ़ने का नियम बनाया था। नोट्स एग्जाम की तैयारी में काफी मददगार साबित हुए। साक्षी के पिता वेद सिरमौर पुलिस विभाग में एएसपी हैं। साक्षी ने यूपीएससी क्रैक करने आईएएस बनने का लक्ष्य बनाया है। पढ़ाई के लिए मां डॉ. नम्रता सिरमौर ने भी हमेशा हौसला बढ़ाया।

## जेईई एडवांस्ड के लिए रजिस्ट्रेशन बंद, फीस जमा होंगे 10 तक

**रायपुर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास ने 27 अप्रैल को जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2024 के लिए आवेदन लिंक खोला था। लंबे तक चले रजिस्ट्रेशन के बाद 7 मई को आवेदन पोर्टल बंद कर दिए गए हैं। वेबसाइट पर आवेदन मांगे गए थे। यहीं से आगे के अपडेट और डिटेल भी पता किए जा सकते हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2024 का आयोजन 26 मई को किया जाएगा। पेपर दो शिफ्ट में होगा। पहले पेपर की टाइमिंग है 9 से 12 और दूसरे की टाइमिंग दोपहर 2.30 से 5.30 तक है। आवेदन पोर्टल बंद कर दिए गए हैं, फीस जमा करने की लास्ट डेट 10 मई है। एडमिट कार्ड 17 मई को रिलीज होंगे। 26 मई तक इन्हें वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

JEE ADVANCED

---

अब तक नहीं थी पात्रता, बोर्ड ने नए सत्र के लिए बदले नियम

# 10वीं में बेसिक गणित लेने वाले विद्यार्थी चुन सकते हैं 11वीं में स्टैंडर्ड मैथमेटिक्स, विद्यालय तय करेंगे योग्यता

कार्नर न्यूज

नतीजों के इंतजार के बीच सीबीएसई ने हाल ही में एक जरूरी नोटिस जारी किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने यह नोटिस कक्षा 10वीं में बेसिक मैथमेटिक्स को लेकर जारी किया है। सीबीएसई बोर्ड पिछले साल से कई नई घोषणाएं कर रहा है। यह सब सीबीएसई द्वारा शिक्षा को आसान बनाने के लिए किया जा रहा है ताकि बच्चों को पढ़ाई बोझ न लगें।

**रायपुर।** अब सीबीएसई गणित यानी मैथ विषय को आसान बनाने के लिए, सीबीएसई कक्षा 10वीं के छात्रों को बेसिक और स्टैंडर्ड मैथमेटिक्स के बीच चयन करने का विकल्प दे रहा है। बेसिक मैथमेटिक्स उन छात्रों के लिए है, जो कक्षा 11वीं और 12वीं में इस विषय का चयन नहीं करना चाहते हैं।

सीबीएसई ने हाल ही में 11वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक नई नीति पेश की है। सीबीएसई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, जिन छात्रों ने 10वीं कक्षा में बेसिक मैथमेटिक्स का अध्ययन किया है, उन्हें अब 11वीं कक्षा में उचित विषय के रूप में पाठ्यक्रम लेने की अनुमति दी जाएगी। पहले जिन छात्रों ने 10वीं कक्षा में बेसिक मैथमेटिक्स लिया था, उन्हें अगली कक्षा में यह विषय लेने की अनुमति नहीं थी और वे ऐसे छात्र केवल प्रैक्टिकल मैथमेटिक्स ही चुन सकते थे।

### नहीं कर सकेंगे बदलाव

सीबीएसई ने इस नोटिस के साथ ही यह आधिकारिक कर दिया है कि छात्र लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स में से जो भी विषय चुनेंगे, उन्हें बाद में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए छात्रों को निर्णय लेने से पहले अपने विकल्पों को सावधानीपूर्वक चुनना होगा। चुने गए विषयों के आधार पर ही उन्हें बारहवीं कक्षा की परीक्षा दिलानी होगी।

### क्षमता के आधार पर फैसला

नोटिस के अनुसार, सत्र 2024-2025 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कारण कई बदलाव प्रस्तावित हैं, इसलिए विस्तृत विचार-विमर्श के बाद बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इस नियम में छूट केवल शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए है। जिन छात्रों ने दसवीं कक्षा में मैथमेटिक्स बेसिक लिया था, उन्हें ग्यारहवीं में मैथमेटिक्स लेने की अनुमति है। सीबीएसई के इस अधिसूचना के बावजूद स्कूल को यह पूरा अधिकार है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि छात्रों के पास वरिष्ठ कक्षाओं में मैथमेटिक्स लेने की सही योग्यता और क्षमता हो। अगर स्कूल को लगता है कि छात्रों में योग्यता की कमी है तो वे उन्हें विषय लेने से रोक सकते हैं। अधिसूचना में आगे कहा गया है, ऐसे छात्रों को स्टैंडर्ड मैथमेटिक्स की अनुमति देने से पहले संस्था अथवा स्कूल प्रमुख को संतुष्ट होना चाहिए कि छात्र के पास कक्षा 11वीं में स्टैंडर्ड मैथमेटिक्स को आगे पढ़ने के लिए सही योग्यता और क्षमता होनी चाहिए।

सिटी स्पोर्ट्स

## जानिए मॉर्निंग सिकनेस के कारण और राहत के आसान तरीके



मॉर्निंग सिकनेस के बारे में सुनते ही लोगों के दिमाग में प्रेग्नेंट लेडी की इमेज घूमने लगती है। लेकिन यह समस्या सिर्फ महिलाओं तक ही सीमित नहीं है, तमाम पुरुष भी इससे परेशान हैं।

कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन के डॉक्टर दीपक वर्मा के अनुसार मेडिकली इसे फंक्शनल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिंड्रोम कहा जाता है। इसमें किसी व्यक्ति को नाश्ते के समय भूख का अहसास नहीं होता और वह जबरदस्ती खाने के कारण मितली या उल्टी जैसा महसूस करता है।

क्या आपके साथ भी सुबह में इसी तरह की समस्या होती है। क्या आपका भी नाश्ता करने का मन नहीं करता? अगर ऐसा है तो आप भी मॉर्निंग सिकनेस से ग्रस्त हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं, आइए जानें।

### लेट ब्रेकफास्ट

अगर आपको खाना खाए 12 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं और आपके ब्लड में ग्लूकोज लेवल डाउन हो जाए तो आप कमजोरी महसूस कने लगते हैं। इसलिए सुबह का नाश्ता जरूर करें, अन्यथा स्थिति और बदतर हो सकती है। ऐसा लंबे समय तक होने पर कई बार मॉर्निंग सिकनेस की दिक्कत बन जाती है।

### नींद का कनेक्शन



मॉर्निंग सिकनेस का आपकी नींद से भी कनेक्शन है। खासतौर पर यदि आप रात में सही से नहीं सोए। नींद और शरीर की सर्कार्डियन रिदम (बॉडी क्लोक) में एक संबंध होता है।

इसमें कोई भी बदलाव होना शारीरिक समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे वजन बढ़ना, अल्जाइमर और अन्य मानसिक समस्याएं।

शोधकर्ताओं ने पाया कि आपके पाचन तंत्र और सर्कार्डियन रिदम के बीच गहरा संबंध होता है। इससे शरीर के हॉर्मोन संतुलित रहते हैं। जैसे, मेलाटोनिन की वजह से नींद आती है और घ्रेलिन भूख को नियंत्रित करता है।

सामान्य दिनचर्या में कोई भी बदलाव, अनियमित खान-पान और सोने से हमारे स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। इन सबके चलते शरीर के न्यूरो एंडोक्राइन सिस्टम की प्रतिक्रिया में बदलाव आता है, जो मितली आने का कारण बन सकता है।

### एसिडिटी भी है वजह

एसिड रिफलक्स भी मॉर्निंग सिकनेस का कारण हो सकता है। इस तरह की समस्या तब होती है जब कुछ खाने-पीने के बाद पेट का प्रवेश मार्ग पूरी तरह बंद नहीं होता और पेट में बना एसिड ईसोफेगस या गले में आ जाता है।

ऐसा होने पर मुंह खट्टा होता है और खट्टी डकारे आती हैं। खांसी और मितली की समस्या भी हो सकती है। सोने से ठीक पहले भारी भोजन करने से भी इस तरह की समस्या हो सकती है। इसके अलावा किसी फूड से एलर्जी के कारण भी ऐसा होता है।

### तनाव



टेंशन भी कई बार मॉर्निंग सिकनेस की वजह होती है। टेंशन और एंग्जाइटी भी सुबह के समय मितली का कारण बन सकती हैं। उदाहरण के लिए अगर आप अपनी मीटिंग को लेकर तनाव में हैं, तो आप रात में सही से नींद नहीं ले पाते। ऐसे में आपको मॉर्निंग सिकनेस के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। कुछ मामलों में लगातार चिंता और तनाव इसका कारण हो सकता है। शरीर में ग्लूकोज का कम स्तर या भूख भी मितली को प्रभावित करता है।

### मॉर्निंग सिकनेस का इलाज


डॉ. दीपक बताते है जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाकर आप इस समस्या से बच सकते हैं। इसके लिए नीचे दिए गए उपाय अपनाएं, रात को भारी खाना न खाएं और सोने से 2 घंटे पहले खाना खा लें। सुबह को जागने के बाद हल्का आहार जरूर लें। शराब का सेवन कम से कम करें, हो सके तो न करें। नींद का नियमित समय बनाएं, सुबह जल्दी उठें। वसायुक्त आहार का सेवन करने से बचें। मेडिटेशन करें और तनाव कम से कम लें। अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। अगर आपको गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम के कारण मितली आने की समस्या है।

मौसम बदलने से सांस के रोगियों की बढ़ जाती है तकलीफ, उपचार जरूरी

# अस्थमा रोगी गर्मियों में बरतें सावधानी, थोड़ी सी लापरवाही से बिगड़ सकती है तबीयत

अस्थमा को श्वसन की गंभीर समस्याओं में से एक माना जाता है जिसके कारण सांस लेना भी कठिन हो जाता है। अस्थमा के रोगियों के वायुमार्ग बेहद संवेदनशील होते हैं और गर्मी-सर्दी जैसे माहौल में इनमें सूजन की समस्या बढ़ जाती है। अस्थमा के कारण सांस लेना कठिन हो सकता है और सांस लेते समय खांसी-घरघराहट और सीने में जकड़न जैसी दिक्कत होने लगती है। श्वसन रोग विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को अस्थमा की समस्या है उन्हें निरंतर इसके जोखिम कारकों से बचाव करते रहने के लिए उपाय करते रहना चाहिए।

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। डॉक्टर कहते हैं इस तरह का मौसम भी अस्थमा रोगियों के लिए दिक्कतों को बढ़ाने वाला हो सकता है। सांस की समस्या के शिकार लोगों को वातावरण में बदलाव के प्रति विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। आइए डॉक्टर से जानते हैं कि गर्मी के दिनों में अस्थमा के मरीजों को किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिससे वे अस्थमा अटैक के खतरे से बच सकें।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. डीसी बनर्जी बताते हैं, अस्थमा रोगियों के लिए गर्म हवा का संपर्क समस्याकारक माना जाता है, इससे लक्षणों के ट्रिगर होने का खतरा हो सकता है। गर्म हवा में सांस लेने से पहले से ही क्षतिग्रस्त वायुमार्ग के लिए दिक्कतें और अधिक बढ़ जाती हैं और इसमें सूजन होने का भी जोखिम हो सकता है। इसके अलावा गर्मी के दिनों में निर्जलीकरण की समस्या भी अधिक देखी जाती है जिसके कारण भी लक्षणों के गंभीर रूप लेने का जोखिम हो सकता है। बढ़े हुए तापमान में वायु प्रदूषकों की वृद्धि होने की आशंका होती है जिसके संपर्क में आने के कारण श्वसन तंत्र में जलन और सांस लेने की समस्याओं के बढ़ने का खतरा हो सकता है। इन समस्याओं से बचाव के लिए कुछ बातों पर गंभीरता से ध्यान देते रहने की आवश्यकता होती है।

### धूल-प्रदूषण के कारण भी बिगड़ सकते हैं लक्षण

अस्थमा रोगियों के लिए सबसे जरूरी है कि आप घर से बाहर जाते समय विशेष सावधानी बरतें। बाहर अगर प्रदूषण का स्तर अधिक है तो मास्क लगाना सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। गर्मी के दिनों में तीव्र व्यायाम करने और बाहर अधिक समय बिताने से भी बचें। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें और संभव हो तो ठंडी जगहों पर ही रहें।



### निर्जलीकरण से बचाव करना बहुत जरूरी

गर्मी के दिनों में अस्थमा अटैक के खतरे को कम करने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप शरीर को हाइड्रेट रखें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आपके वायुमार्ग को नम रखने में मदद मिलती है और अस्थमा के कुछ लक्षणों को भी कम किया जा सकता है। दिन में कम से कम तीन-चार लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखें। इसके अलावा शरीर को हाइड्रेट रखने वाली चीजों जैसे तरबूज-खरबूज, खीरा का भी सेवन करते रहें।

### एलर्जी वाले कारकों से बचें



अस्थमा के रोगियों की समस्या एलर्जी पैदा करने वाले कारकों से काफी बढ़ सकती है। इससे बचाव के लिए धूल-पराग कणों से बचाव के लिए उपाय करें। कुछ लोगों को जानवरों के बालों से भी एलर्जी की दिक्कत हो सकती है इन चीजों से भी बचाव करते रहना भी जरूरी है। अगर आपको किसी भी समय सांस लेने में दिक्कत होती है तो डॉक्टर द्वारा बताए गए इनहेलर का इस्तेमाल करें और अगर इससे भी लाभ न मिले तो शीघ्र किसी विशेषज्ञ की सलाह ले लें।



## मां और बच्चे को साथ में करना चाहिए ऐसे योगासन

एक महिला गर्भधारण करने से लेकर प्रसव के दौरान तक कई स्वास्थ्य परेशानियों से जूझती है। यहां तक कि बच्चे के जन्म के बाद उसे शिशु के लिए अपनी सेहत पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। मां की सेहत का असर शिशु पर गर्भावस्था से लेकर जन्म लेने के बाद तक होता है। ऐसे में हर महिला को अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देना चाहिए, साथ ही अपने बच्चे को भी स्वस्थ रखने हेतु जीवनशैली में कुछ अच्छी आदतों को शामिल करना चाहिए।

योग वह क्रिया है जो मां और बच्चे दोनों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। योगाभ्यास से कई तरह के स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती हैं, वहीं अगर मां और बच्चा साथ में योगाभ्यास करते हैं तो सेहत और रिश्ता दोनों ही अधिक बेहतर बनता है।

मई माह के दूसरे रविवार यानी 12 मई को मदर्स डे मनाया जा रहा है। इस मौके पर मां और बच्चे को एक दूसरे के साथ योगाभ्यास करने की आदत को शामिल कर लेना चाहिए। यहां कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है जिनका अभ्यास मां और बच्चा साथ में करके बेहतर परिणाम पा सकते हैं।

**बालासनः** प्रसव के बाद एक महिला की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। मांसपेशियों की कमजोरी की दूर करने के लिए बालासन का अभ्यास फायदेमंद है। वहीं बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी बालासन लाभकारी साबित हो सकता है। इस योग का अभ्यास बेहद सरल है, जिसे मां के साथ बच्चा आसानी से कर सकता है।

**कैसे करें:** घुटनों के बल बैठकर सांस भरते हुए सामने नीचे की ओर झुकें और बाहों का सामने की तरफ फैलाकर जमीन को स्पर्श करें। इसी अवस्था में कुछ देर बने रहने के बाद सामान्य स्थिति में आ जाएं।



**मार्जरी आसनः** मार्जरी आसन का अभ्यास कमर और पीठ दर्द से राहत दिलाता है। महिलाओं के लिए यह योग काफी लाभकारी है। इससे प्रजनन संबंधी समस्याओं से निजात मिलता है। बच्चे की शारीरिक मुद्रा में सुधार के लिए भी यह योग लाभकारी साबित हो सकता है।

**कैसे करें:** इस योग में मुद्रा बिल्ली जैसी बनती है। इसके अभ्यास के लिए वज्रासन की मुद्रा में बैठकर गहरी सांस लेते हुए हाथों की हथेलियों को आगे की तरफ रखें। हाथों पर शरीर का पूरा भार देते हुए घुटनों पर खड़े हो जाएं। अब कमर को नीचे की ओर खींचते हुए गर्दन को ऊपर की तरफ उठाएं।

**मलासन-** मलासन के अभ्यास से पेट, जांघों व रीढ़ की हड्डी में खिंचाव आता है और पेट व जांघों में जमा अतिरिक्त चर्बी घटाने में मदद मिलती है। इस योग के अभ्यास से पेल्विक हिस्से की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। बच्चों के विकास में यह योगासन लाभकारी होता है।

**कैसे करें:** इस आसन को करने के लिए घुटनों को मोड़कर और पंजों के बल बैठ जाएं। कूल्हे को जमीन पर स्पर्श न होने दें और शरीर का पूरा भार पंजों व दोनों हाथ पर रखते हुए नमस्कार की मुद्रा बना लें। इस स्थिति में कुछ देर बने रहने के बाद वापस सामान्य मुद्रा में आ जाएं।



## भीषण गर्मी में शरीर को ठंडक पहुंचाएंगे रायते, खाने के साथ जरूर परोसें



अगर गर्मी के इस मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है, तो खाने पर ध्यान देना बेहद ही जरूरी हो जाता है। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि जो लोग गर्मी के मौसम में ज्यादा तला-भुना खाना खाते हैं, उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि इस मौसम में लोग काफी हल्का खाना पसंद करते हैं।

कहा जाता है कि गर्मी में दही का सेवन ज्यादा करना चाहिए, क्योंकि दही में पाए जाने वाले तत्व शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं। आप चाहें तो दही का सेवन रायते के रूप में भी कर सकते हैं। अगर आप कुछ अलग तरह का रायता बनाने का सोच रहे हैं, तो इन्हें बनाने की विधि जरूर जानें।

### प्याज-टमाटर का रायता

गर्मी के इस मौसम में लू से बचने के लिए प्याज खाने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आप प्याज, टमाटर और खीरे का रायता बनाकर अपने परिवारवालों को परोस सकते हैं। इसे अगर ठंडा करके परोसेंगे तो इसका स्वाद और बढ़ जाएगा।

### चुकंदर का रायता

चुकंदर खाने से शरीर में खून की कमी दूर होती है, लेकिन इसका स्वाद ऐसा होता है कि ज्यादातर बच्चे इसे खाना पसंद नहीं करते। ऐसे में आप बच्चों को चुकंदर का रायता बनाकर खिला सकते हैं।

### सेब का रायता

गर्मियों के मौसम में आपको बाजार में सेब मिल जाएंगे। ऐसे में आप अपने घर के बच्चों के लिए स्वादिष्ट और पौष्टिक सेब का रायता बना सकते हैं। ध्यान रखें कि रायता बनाने के बाद इसे फ्रिज में रख दें, वरना इसका स्वाद बदल जाएगा।

### अनानास का रायता

अनानास में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए काफी लाभदायक है। ऐसे में आप चाहें तो अनानास का खट्टा-मीठा रायता खाने के लिए तैयार कर सकते हैं। इसको एक बार खाने के बाद लोग दोबारा जरूर मागेंगे।

अनार का रायता

इस मौसम में आपको बाजार में अनार आसानी से मिल जाएंगे। ये खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। इसे बनाने के बाद रायते को सजाने के लिए अनार के दाने जरूर डालें। अनार का रायता बच्चों को काफी पसंद आता है।

## अक्षय तृतीया से पहले ही घर से बाहर कर दें ये चीजें, प्रसन्न होंगी मां लक्ष्मी



इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। ऐसे में मां लक्ष्मी के स्थान की स्वच्छता का ध्यान रखें क्योंकि, साफ जगह पर ही मां लक्ष्मी का वास होता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, अक्षय तृतीया से पहले कौन-सी चीजों को घर से निकाल देना चाहिए।

### टूटी झाड़ू को न रखें

हिंदू धर्म में झाड़ू को बेहद शुभ माना जाता है। हर तीज त्योहार पर इसकी पूजा करनी चाहिए। घर में झाड़ू होने से परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। हालांकि, टूटी झाड़ू कभी नहीं रखनी चाहिए। इससे मां लक्ष्मी नाराज हो सकती है।

### सूखे पौधों को न रखें

अक्षय तृतीया बेहद शुभ दिन है। इस दिन कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम किए जाते हैं। ऐसे में घर में मौजूद सूखे पौधों को न रखें। दरअसल, घर में सूखे पौधों को रखने से वास्तु दोष उत्पन्न हो सकता है।

### फटे जूते को रखें बाहर

किसी भी व्यक्ति को फटे हुए जूते नहीं पहनने चाहिए। ऐसा करने से धन की कमी होने लगती है। अक्षय तृतीया से पहले आप घर से फटे-पुराने जूते चप्पल को निकाल दें। इससे दरिद्रता का वास होता है।

### गंदे कपड़े न रखें

अक्षय तृतीया से पहले घर से गंदे और फटे कपड़ों को निकाल दें। माना जाता है कि गंदे कपड़े को पहनने से जीवन में दुर्भाग्य आता है। इसलिए इसे घर से निकाल देना चाहिए।

### टूटी घड़ी

जीवन में कभी भी टूटी घड़ी को नहीं पहनना चाहिए। साथ ही घर में भी बंद घड़ी को न रखें। इन्हें रखने जीवन में दुर्भाग्य आता है। अक्षय तृतीया से पहले इसे घर से निकाल दें।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# सुपरमैन की दिखी झलक, 'मैन ऑफ स्टील' सूट पहनकर छा गए डेविड कोरेनस्वेट

सुपरमैन की पहली झलक मेकर्स ने साझा कर दी है।



जारी की गई तस्वीर में डेविड कोरेनस्वेट कुर्सी पर बैठकर जूते पहनते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीर सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरू हो गई हैं।

सुपरमैन के फैंस के लिए सोमवार 6 मई का दिन बहुत खास रहा। दरअसल, निर्देशक जेम्स गन ने सोशल मीडिया पर नया मैन ऑफ स्टील सूट साझा कर प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरमैन के इस सूट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पिछली फिल्म से काफी अलग होगा। अपने नए लुक को डेविड कोरेनस्वेट ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। जारी की गई तस्वीर में सुपरमैन एक कुर्सी पर बैठकर अपने जूते पहनता नजर आ रहा है। वहीं, कांच की खिड़की के बाहर एक चमकता हुआ गोला दिख रहा है। खास बात यह है कि तस्वीर में सुपरमैन का यह सूट पिछली फिल्मों की तुलना में थोड़ा ढीला नजर आ रहा है। पूरे सूट में बहुत सारी रेखाएं भी नजर आ रही हैं।

गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा, ₹तैयार हो जाइए। सुपरमैन. 7.11.25।" इस तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹सूट काफी अच्छा लग रहा है।₹ दूसरे यूजर ने लिखा, ₹इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर पा रहा।₹ इसके अलावा और भी बहुत से यूजर्स सुपरमैन के लुक को देखकर उत्साहित नजर आए। कोरेनस्वेट से पहले, सुपरमैन की भूमिका में तीन और अभिनेता अपना जलवा दिखा चुके हैं। क्रिस्टोफर रीव (1978-87), ब्रैंडन रॉथ (2006) और हेनरी कैविल (2013-2022) इस किरदार में दर्शकों की खूब वाहवाही लूट चुके हैं। कॉरेनस्वेट को रयान मर्फी के द पॉलिटिशियन जैसे शो के लिए जाना जाता है।

### टॉलीवुड

# थिएटर के बाद अब ओटीटी पर मचाया 'मंजुम्मल बॉयज' ने धमाल

मलयालम फिल्म 'मंजुम्मल बॉयज' अब ओटीटी पर



रिलीज हो चुकी है। सिनेमाघरों की तरह की यहां भी फिल्म का जलवा बरकरार है। लोग इस फिल्म का जमकर आनंद ले रहे हैं। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है। ओटीटी के दर्शक इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। खास तौर पर इसके दो सीन की सबसे ज्यादा चर्चा की जा रही है। 'मंजुम्मल बॉयज' के जिन दो सीन पर बात की जा रही है, वे श्रीनाथ भासी के किरदार सुभाष से जुड़े हुए है। एक सीन क्लाइमैक्स का है, जिसमें सुभाष को बचाया जाता है। निर्देशक ने इस दृश्य में कमल हासन की फिल्म का गाना इस्तेमाल किया है। गाने का नाम 'कम्मानी' है, जो 'गुना' फिल्म में सुनने को मिला था। इसके अलावा दूसरा सीन वह है, जिसमें सुभाष के बचपन से लेकर उसके गुफा में फंसने तक के ट्रांजिशन को दिखाया गया है। लोग इसे देखकर दंग हैं और इसे सिनेमा का चमत्कार बता रहे हैं। कुल मिलाकर 'मंजुम्मेल बॉयज' झोली भर-भरकर वाहवाही लूट रही है। 'मंजुम्मल बॉयज' का निर्देशन चिदंबरम ने किया है। इसे 22 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसे हाल ही में, ओटीटी प्लेटफॉर्म 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' पर रिलीज किया गया है, जहां इसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें दोस्तों के एक समूह की कहानी को दिखाया गया है, जो छुट्टी मनाने जाते हैं, लेकिन एक गुफा में फंस जाते हैं। मालूम हो कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था।

### भोजपुरी

# मांग में सिंदूर और गले में वरमाला शुरू हुई 'दीदी नंबर 1' की शूटिंग



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी और देव सिंह के शादी के दौरान की फोटो सामने आई हैं। हालांकि ये असल में नहीं हो रही। बल्कि फिल्म 'दीदी नंबर 1' के सेट से फोटो वायरल हो रही हैं। इसमें शादी के मंडप में अग्नि के फेरे लेती हुई नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म स्टार इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर देव सिंह और भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'दीदी नंबर 1' की शूटिंग शुरू हो गई है। इसी बीच फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई हैं, जिसमें देव सिंह और रानी चटर्जी की शादी का सीक्वेंस दिख रहा है। इस फिल्म के निर्माता हाईक्यू और B4U के संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं जबकि निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डुरी हैं। फिल्म की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है। फिल्म का निर्माण इन दोनों जोर-जोर से चल रहा है।

फिल्म 'दीदी नंबर 1' को लेकर देव सिंह ने कहा कि यह घर परिवार की फिल्म है और इसकी कहानी बेहद फ्रेश है। फिल्म में मेरी भूमिका की महत्वपूर्ण है। रानी चटर्जी मेरे अपोजिट नजर आ रही हैं। हम सभी मिलकर एक शानदार फिल्म के निर्माण को की जान से लगे हुए हैं। यह फिल्म जब रिलीज होगी, तब सबों को खूब पसंद आएगी। आपको बता दें कि देव सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री के ऐसे कलाकार हैं जो सभी भूमिकाओं में फिट नजर आते हैं।


## लाइफ स्टाइल




एक बार फिर से दुनिया के सबसे बड़े मेगा फैशन इवेंट मेट गाला का आगाज 6 मई से हो चुका है। न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित मेट गाला इवेंट में न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के बड़े-बड़े सिलेब शिरकत करने पहुंचे हैं। मेट गाला 2024 में इस बार का थीम 'गार्डन ऑफ टाइमः एन ऑड टू आर्ट एंड एटरनिटी है। इवेंट के पहले दिन आलिया भट्ट ने अपने लुक में भारतीय संस्कृति को दर्शाया। आलिया के इस साड़ी लुक को संवारने में 163 कारीगरों की मेहनत रंग लाई।

# बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो इन बातों का भी रखें ध्यान

आज के समय में बालों को हाइलाइट कराना हर किसी की पसंद बनता जा रहा है। लेकिन बहुत से लोगों को समझ नहीं आता कि वो किस तरह से बालों को हाइलाइट कराएं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जिनका ध्यान आपको हाइलाइट कराते वक्त और कराने के बाद भी रखना है। अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो हो सकता है कि आपका लुक बिगड़ जाए।



### सही से करें रंगों का चयन

बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।

### समझ कर करें जगह का चुनाव

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों।

### कई रंगों से रहें दूर

बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं।

### करना होगा अच्छे शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल


ध्यान रखें कि अगर आप एक बार बालों को हाइलाइट करा लेंगे तो आपको सल्फेट वाले शैंपू से दूर रहना होगा। हाइलाइट कराने के बाद हमेशा अच्छी क्वालिटी के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

# अक्षय तृतीया पर अपनों को तोहफे में दें नए डिजाइन के ऐसे आभूषण




अक्षय तृतीया के दिन सोना-चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में सभी हिंदू परिवार में इस दिन महिलाएं कुछ न कुछ खरीदती हैं। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसे में आप भी अपने घर की लक्ष्मी को आभूषण देकर प्रसन्न कर सकते हैं।

**कुंदन नेकपीसः** अगर आप अपनी पत्नी को कुछ हैवी सा नेकपीस तोहफे में देना चाहते हैं, तो इस तरह का कुंदन सेट एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है। इसे वो शादी-विवाह में भी कैरी कर सकती हैं।



**कान के झुमकेः** अगर कुछ गोल्ड में खरीदना चाहते हैं, तो अपनी पत्नी को सोने के झुमके तोहफे में दें। कान के झुमके हर महिला पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप उन्हें ये तोहफा दे सकते हैं। अगर आपकी पत्नी को हल्की ज्वेलरी पसंद है तो आप उन्हें टॉप्स भी दे सकते हैं।



**अंगूठीः** जरूरी नहीं है कि आप अपनी पत्नी को हैवी अंगूठी ही दें। आप अपना बजट देखते हुए उन्हें डायमंड या फिर सोने की अंगूठी तोहफे में दे सकते हैं। अगर आपकी पत्नी वर्किंग हैं, तो हल्की सी अंगूठी ही दें, ताकि वो इसे हमेशा पहने रहें।

**डायमंड का सेटः** आजकल की लड़कियों को सोने से ज्यादा डायमंड पसंद आता है। ऐसे में आप उन्हें डायमंड का सेट तोहफे में दे सकते हैं। ये थोड़ा मंहगा जरूर आएगा, लेकिन जब-जब आपकी पत्नी इसे पहनेंगी, तो उनका प्यार आपके प्रति बढ़ जाएगा।

**कमरबंदः**अगर आपकी नई शादी हुई है तो अपनी पत्नी को भारी सा कमरबंद तोहफे में दें। ज्यादातर महिलाओं को चांदी का कमरबंद पहनना पसंद होता है। आप चाहें तो ऐसा कुंदन जड़ा कमरबंद भी उन्हें तोहफे में दे सकते हैं।

**पेंडेंट सेटः** अगर आपकी पत्नी वर्किंग है तो उन्हें इसी तरह का क्यूट का पेंडेंट सेट तोहफे में दें। इसे वो रोजाना में भी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी प्यारा होता है और इसे खरीदने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने होंगे।

# मेकअप से पहले बेहद जरूरी होता है प्राइमर लगाना, जानें इसके इस्तेमाल

मेकअप करने का एक सही तरीका होता है। अगर इस तरीके को फॉलो नहीं करते हैं तो चेहरा खराब दिखता है। खासतौर पर अगर बात करें मेकअप के शुरुआती स्टेप की, तो सबसे पहले प्राइमर का इस्तेमाल किया जाता है। लोगों को लगता है कि प्राइमर को वो साधारण क्रीम की तरह ही इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। प्राइमर लगाने का भी एक सही तरीका होता है, जिसके बारे में जानना जरूरी है।



### सबसे पहले करें ये काम

कभी भी सीधे प्राइमर को अपने चेहरे पर ना लगाएं। इसके लिए पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें। इसके बाद चेहरे पर कोई क्रीम लगाएं। सबसे आखिर में प्राइमर का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से प्राइमर सही से सेट हो जाएगा।

### स्किन टाइप का रखें ध्यान

वैसे तो आज के समय में बाजार में आपको कई तरह के प्राइमर बेहद आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अगर आप अपने स्किन टाइप का जरूर ध्यान रखकर इसे खरीदेंगे तो ये ज्यादा फायदेमंद रहेगा। रूखी त्वचा वाले लोग मॉइश्चराइजर युक्त प्राइमर अपने लिए खरीद सकते हैं।

### सही मात्रा में करें इस्तेमाल

लोगों को लगता है कि प्राइमर का वो जितना चाहें, उतना इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हैं। दरअसल, अगर आप ज्यादा मात्रा में प्राइमर अपने चेहरे पर लगाएंगे तो इससे आपका मेकअप खराब हो सकता है।

# लड़कियों के लिए सबसे सही हैं शनाया के ये लहंगे

शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिसके घर में भी शादी है, वो उत्साह के साथ शादी की तैयारियों में जुटा है। एक समय था, जब लोग सिर्फ इस बात पर ध्यान देते थे कि दूल्हा-दुल्हन का लुक सबसे खूबसूरत लगे लेकिन अब दौर बदल गया है। आज के समय में हर कोई शादी में खूबसूरत दिखना चाहता है। फिर चाहे ये शादी उनके घर में हो, या हो उनके किसी खास दोस्त की।

खासतौर पर लड़कियों की बात करें तो वो शादी के लिए कई-कई महीने पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। वो चाहती हैं कि उनका लहंगा, मेकअप, ज्वेलरी सबसे अलग और खूबसूरत दिखे।

**हरा लहंगा :** अगर आपको डार्क रंग पसंद हैं, तो शनाया का ये हैवी वर्क वाला हरे रंग का लहंगा आपके लिए बेहद खूबसूरत विकल्प है। इस लहंगे के साथ आप भी शनाया की तरह ही ऑफ शोल्डर ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप स्लीक स्टाइल में बन बनाएं।

**गुलाबी अंदाजः** इस तरह का गुलाबी रंग का सिल्क का लहंगा आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। बालों में जूड़ा और गले में नेकपीस से आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

**सुनहरा अंदाजः** इस तरह का गोल्डन लहंगा और उसके साथ ट्यूब स्टाइल का ब्लाउज आपको शादी में ग्लैमरस लुक देगा। ध्यान रखें कि इसके दुपट्टे को गले में चिपका कर ही डालें, ताकि आपका स्टाइलिश ब्लाउज दिख सके।



**मल्टीकलर लहंगा :**अगर आपको रंग बिरंगी चीजें काफी पसंद हैं, तो इस तरह का मल्टीकलर लहंगा आपको जरूर पसंद आएगा।

## कार्नर न्यूज

## फैशन मे लड़कों के पास कम विकल्प लेकिन स्टाइलिश दिखना जरूरी

# ड्रेसिंग के ऐसे तरीके अपनाएं लड़के मिलेगा ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक

*समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं।*



### सही साइज के कपड़े पहनें

आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

### कपड़ों के रंग का सही चयन करें

कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।

### कपड़ों को सही ढंग से रखें



परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

### हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान

कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।